**■ प्रदेश में विशिष्ट अस्पतालों की संख्या काफी कम है, क्या कुछ नए अस्पताल खोले जाएंगे?**

–स्वास्थ्य, राज्य सूची का विषय है। बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने की व्यवस्था करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। यदि राज्य सरकार को कहीं केंद्र से कोई सहायता चाहिए हो तो वह प्रस्ताव भेजें।

**■ प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेज खोलने की दिशा में क्या कोई योजना है?**

–हर व्यक्ति को बेहतर इलाज सुविधा देना प्रधानमंत्री की प्राथमिकता है। इसके लिए राज्य सरकार जो भी पहल करेगी, उसमें केंद्र सरकार हरसंभव मदद करेगी। मेडिकल कॉलेज खोलने की आधारभूत संरचना विकसित करने के बाद कहीं कोई परेशानी नहीं है।

**बिक्रम ट्रामा सेंटर चालू करने की मांग :** स्थानीय नागरिकों के शिष्टमंडल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मिल मांग की कि एम्स निर्माण में जिन किसानों की जमीन ली गई है उनके परिवार के एक सदस्य को योग्यतानुसार नौकरी दी जाए। विधायक उषा विद्यार्थी ने बिक्रम ट्रामा सेंटर को चालू कराने संबंधी स्मार पत्र दिया।

**उद्योगों के विकास को भी करेंगे प्रयास :** पटना : बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का एक शिष्टमंडल शनिवार को राजकीय अतिथिशाला में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन से मिला। अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने मंत्री को राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रचुर संभावनाओं और उससे संबंधित उद्योगों के विकास पर चर्चा की। डॉ. हर्षवर्द्धन ने कहा कि उद्योग उनके क्षेत्र में नहीं हैं लेकिन वह अपने स्तर से राज्य हित में समस्याओं को उठाने का प्रयास करेंगे। अरुण अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने प्रदेश में एक और एम्स स्थापित करने पर अपनी सहमति दी है। प्रतिनिधिमंडल में नीशीथ अग्रवाल, संजय भरतिया, रमेश चंद्र गुप्त, केपीएस केशरी, रामलाल खेतान, मनीष तिवारी, यूके सोनी आदि शामिल थे।

## एईएस को फैलने से रोकना जरूरी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने बिहार के कई जिलों में फैले एईएस संक्रमण को रोकने व इसके कारण का पता लगाने पर जोर दिया। कारक एजेंट का पता लगने पर टीकाकरण कर इसे रोका जा सकता है। रोकने के उपाय करने के लिए उन्होंने एम्स पटना, आरएमआरआई, यूनिसेफ के काम की सराहना की।

## शॉटगन ने किया मेडिकल छात्रों को 'खामोश'

सांसद व शॉटगन के नाम से मशहूर अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा भी इस मौके पर मौजूद थे। उन्होंने छात्रों से हलके-फुल्के और अपने खास जुम्ले खामोश के साथ काफी देर तक बातचीत की। इस दौरान सांसद राम कृपाल यादव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव एवं संयुक्त सचिव लव वर्मा व संदीप कुमार नायक, भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक भट्ट, महावीर कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. जेके सिंह, एम्स पटना के उपनिदेशक प्रशासन अनिल किशोर यादव समेत तमाम डॉक्टर, छात्र व कर्मचारी उपस्थित थे।

www.inextlive.com

inext
हर दिन एक नई शुरुआत
आई नेक्स्ट

I next, Patna, 22 June 2014

# इसी साल पूरा होगा एम्स

» सेंट्रल हेल्थ मिनिस्टर ने इंसेफलाइटिस रोकने के लिए टीकाकरण पर दिया जोर

> कंस्ट्रक्शन करने वाली कंपनी को यूटिलाइजेशन एडवांस नहीं दिया जाएगा. कांट्रेक्ट में इस बात का जिक्र नहीं था.
>
> डॉ जी के सिंह, डायरेक्टर, एम्स

patna@inext.co.in

**PATNA (21 June):** सेंट्रल हेल्थ मिनिस्टर डॉ हर्षवर्द्धन ने एम्स, पटना विजिट कर इसके पेंडिंग कंस्ट्रक्शन वर्क को जल्द पूरा करने की बात कही. उन्होंने ऑफिसर्स को निर्देश दिया कि वे बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के काम को जल्दी से निपटाएं. डॉ हर्षवर्द्धन ने एम्स डायरेक्टर डॉ जीके सिंह के साथ मीटिंग कर इसकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली. डॉ सिंह ने बताया कि छह नए एम्स पटना, ऋषिकेश, भोपाल, रायपुर, जोधपुर और भुवनेश्वर के बनने में एम्स पटना की भूमिका अहम रही है. उन्होंने काकलियर इम्पलांट और 96 साल के बुजुर्ग का कुल्हा प्रत्यारोपण का भी जिक्र किया.

## नरेंद्र मोदी करेंगे इनॉगरेशन

डॉ हर्षवर्द्धन ने बताया कि एम्स पटना का इनॉगरेशन एक्स पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे. एक्यूट इंसेफलाइटिस के बारे में एम्स में लेक्चर देते हुए उन्होंने कहा कि टीकाकरण करके इसे रोका जा सकता है. इसके काउंजिंग एजेंट का पता लगाने पर भी जोर दिया. सांसद रामकृपाल यादव, बिहार के स्वास्थ्य मंत्री रामधनी सिंह, महावीर कैंसर संस्थान के डायरेक्टर डॉ जेके सिंह आदि उपस्थित थे.



पटना एम्स में भरती बच्चे को देखते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन. साथ में हैं सांसद रामकृपाल यादव.

# आइजीआइएमएस में छात्रों का हो सकेगा नामांकन

**संवाददाता, पटना/फुलवारीशरीफ**

आइजीआइएमएस के निदेशक डॉ. एनआर विश्वास ने शनिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन से मुलाकात कर आइजीआइएमएस मेडिकल कॉलेज के कंप्लायंस रिपोर्ट पर विचार करने की बात कही. उन्होंने कहा कि जितनी कमियां एमसीआइ के द्वारा संस्थान में चिह्नित की गयी थी, उन कमियों को हमने पूरा किया है और दोबारा से हमने कंपलायंस रिपोर्ट एमसीआइ को भेज दी है. संस्थान के निदेशक डॉ. विश्वास ने बताया कि केंद्रीय मंत्री से आश्वासन मिला है कि आइजीआइएमएस में छात्रों का नामांकन होगा.

**जमीन देनेवालों को विशेष रियायत** : एम्स के लिए जिन किसानों की जमीन अधिगृहीत की गयी है, उनके लिए स्वास्थ्य मंत्रालय विशेष रियायत देने पर गंभीरता से विचार कर रहा है. जल्द ही इस पर निर्णय लिया जायेगा. किसान संघर्ष सहयोग समिति के सचिव रामकेश्वर राय अकेला व सुरेंद्र प्रसाद यादव द्वारा ज्ञापन सौंपे जाने पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने यह आश्वासन दिया. समिति के सचिव ने बताया कि उनलोगों ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मांग की कि एम्स निर्माण में जिनकी जमीन गयी है, उन्हें नौकरी, दुकान आवंटन व मरीजों की भरती में विशेष आरक्षण दिया जाये. इस पर मंत्री ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया.

**छात्रों व मरीजों की समस्याएं सुनीं** : डॉ हर्षवर्धन मेडिकल छात्रों व मरीजों से भी रू-ब-रू हुए. मेडिकल छात्र प्रतीक कुमार व वैद्यनाथ कुमार ने एम्स पहुंचनेवाली सड़क की जर्जरता, बिजली संकट व लैब की समस्या से उन्हें अवगत कराया. प्रथम वर्ष की छात्रा प्रियंका व श्वेता भारती ने मेस के खाने की क्वालिटी के बारे में जानकारी दी. मंत्री ने हॉस्टल व मेस में जाकर वहां की स्थितियों को देखा. इस पर असंतोष जाहिर करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिये. छात्र सूर्य विक्रम द्वारा लाइक्रोस्कोपी नहीं रहने से हो रही दिक्कत की बात बताये जाने पर उन्होंने खरीदने का निर्देश दिया. आर्थोपेडिक के एचओडी डॉ अनूप व शिशु रोग विशेषज्ञ अरुण वर्णवाल ने विभाग की समस्याओं से अवगत कराया.

## बीआइए के शिष्टमंडल ने की मुलाकात

बिहार इंडस्ट्रीज एसोसियेशन के शिष्टमंडल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन से राजकीय अतिथिशाला, पटना में सुबह मुलाकात की. शिष्टमंडल की अगुवाइ कर रहे बीआइए अध्यक्ष अरूण अग्रवाल ने बिहार में स्वास्थ्य प्रक्षेत्र में प्रचुर संभावनाओं से उन्हें अवगत कराया. साथ ही राज्य में स्थित स्वास्थ्य और उससे संबंधित उद्योगों का विकास कैसे हो, इस पर चरचा की. स्वास्थ्य मंत्री ने बिहार में एक और एम्स की स्थापना पर अपनी सहमति व्यक्त की. प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष निशिथ जायसवाल, महासचिव संजय भरतिया, कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष केपीएस केशरी, पूर्व उपाध्यक्ष रामलाल खेतान, सीएसआर उप समिति के अध्यक्ष मनीष तिवारी, यूके सोनी शामिल थे.

**पांच घंटे तक किया निरीक्षण** : एम्स में करीब पांच घंटे तक घूम- घूम कर निरीक्षण के बाद निदेशक डॉ गिरीश कुमार सिंह को उन्होंने कई निर्देश दिये. निदेशक ने यहां चलायी जा रही योजनाओं का प्रेजेंटेशन दिया. उन्होंने बताया कि वर्तमान में यहां 180 बेड उपलब्ध है, जबकि एक हजार से पंद्रह सौ मरीज रोजाना आ रहे हैं. मौके पर सूबे के स्वास्थ्य मंत्री रामधनी सिंह, सांसद सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष नंद किशोर यादव, सांसद रामकृपाल यादव, विधायक नितिन नवीन, उषा विद्यार्थी, अरुण कुमार सिन्हा, विधान पार्षद संजय मयूख व अशोक भट्ट सहित केंद्रीय व राज्य सरकार के आला अधिकारी मौजूद थे.

प्रभात खबर
पटना, रविवार, 22 जून, 2014
www.prabhatkhabar.com

# दिसंबर में तैयार होगा पटना एम्स

- वाजपेयी के जन्मदिन पर पटना एम्स को राष्ट्र को समर्पित किया जायेगा
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने किया पटना एम्स का निरीक्षण

**संवाददाता, पटना/फुलवारीशरीफ**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना देश को गरीबी व कुपोषण से मुक्त कराने का है. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर 25 दिसंबर को पटना एम्स को राष्ट्र को समर्पित किया जायेगा. पटना का एम्स आधुनिक तकनीक से लैस होगा व विश्व के सर्वोच्च अस्पतालों में शामिल होगा. शनिवार को फुलवारीशरीफ स्थित



फुलवारीशरीफ स्थित एम्स का निरीक्षण करते स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन.

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निरीक्षण के दौरान उन्होंने देश में डॉक्टरों की भारी कमी पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि कई मेडिकल कॉलेज व नर्सिंग संस्थान खोले जायेंगे. उन्होंने शेष पेज 19 पर

■ आइजीआइएमएस में छात्रों का हो सकेगा नामांकन : पेज-12 ■ कुपोषण एइएस की वजह नहीं : पेज-15

मुजफ्फरपुर में हर्षवर्धन बोले

## पांच जिलों में खुलेगा वॉयरोलॉजी लैब

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने मुजफ्फरपुर में एइएस पीड़ित बच्चों का हाल जानने के बाद कहा, बिहार के पांच जिलों में वॉयरोलॉजी लैब खोले जायेंगे. इनमें बेतिया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, भागलपुर व नालंदा के मेडिकल कॉलेज शामिल हैं.

**एक सौ बेडों का पीआइसीयू जल्द :** स्वास्थ्य मंत्री ने पीआइसीयू की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने पर भी नाराजगी जतायी और कहा, एक सौ बेड का पीआइसीयू जल्दी ही बनाया जायेगा. साथ ही जिन अन्य जिलों में बीमारी फैली है, वहां भी दस बेड का पीआइसीयू बनाया जायेगा.

# कुपोषण एइएस की वजह नहीं : हर्षवर्धन

- मुजफ्फरपुर दौरे पर बोले स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन
- कहा, जांच में नहीं आया कोई वायरस
- बीमारी के कारणों का पता चलना जरूरी
- कांटी के कोठिया गांव आज जायेंगे मंत्री

**संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर व आसपास के जिलों में फैली एइएस बीमारी की वजह कुपोषण नहीं है व न ही बीमारी में किसी तरह के वायरस की पुष्टि हुई है. अभी तक इसके किसी बैक्टीरिया का भी पता नहीं चला है. ऐसे में बीमारी किस वजह से हो रही है इसका पता लगाया जाना जरूरी है. बड़े पैमाने पर शोध का काम होना चाहिए. ये बातें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने एसकेएमसीएच में एइएस पीड़ित बच्चों को देखने के बाद कहीं. केंद्रीय


एइएस पीड़ित बच्चों को देखते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री.

मंत्री ने कहा, बीमारी को लेकर बड़े पैमाने पर जागरूकता फैलाना जरूरी है. इसके लिए प्रभावित गांवों व उन इलाकों में पड़नेवाले स्वास्थ्य केंद्रों पर मेडिकल सुविधाएं बढ़ाने की जरूरत है. साथ ही इलाकों में लोगों के बीच बीमारी को लेकर प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए, ताकि ज्यादा बच्चे इसका शिकार नहीं हों. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, बीमारी को लेकर डॉक्टरों व चिकित्साकर्मियों को भी प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, एसकेएमसीएच के लिए नयी बिल्डिंग बनेगी. अभी जो भवन है, वे पर्याप्त नहीं होने के साथ जर्जर भी हो चुका है. उन्होंने बच्चों के इलाज के लिए पीआइसीयू की व्यवस्था नहीं होने पर भी नाराजगी जतायी.

**एइएस से चार और बच्चों की मौत : मुजफ्फरपुर.** जिले के अस्पतालों में एइएस बीमारी से चार बच्चों की मौत हो गयी. इनमें मोतिहारी की मुस्कान कुमारी व मुजफ्फरपुर की मैमून खातून, हथौड़ी की अंजलि व मोतिहारी की अनिता की मौत हो गयी.

हिन्दुस्तान पटना • रविवार • 22 जून 2014

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन ने किया एम्स का दौरा, कहा-25 दिसंबर तक पूरा करें

# बिहार में मेडिकल की सीटों में कटौती नहीं

पटना/मुजफ्फरपुर | हिन्दुस्तान टीम

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने डॉ. हर्षवर्द्धन ने कहा है कि बिहार के मेडिकल कॉलेजों में सीटों की कटौती के पक्ष में वह नहीं हैं। बिहार के तीन मेडिकल कॉलेजों का मामला उनकी नोटिस में आया है। यह एमसीआई का अधिकार है पर अगर राज्य सरकार उनके पास इस मामले को लाती है तो वे एमसीआई को इसे सकारात्मक तरीके से देखने को कहेंगे।

डॉ. हर्षवर्द्धन ने शनिवार को पटना एम्स का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में दिल्ली एम्स की तर्ज पर छह राज्यों में एम्स शुरू किए जाने की योजना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की थी। हम चाहते हैं कि उनके जन्मदिन पर 25 दिसंबर को एम्स का उद्घाटन हो। उन्होंने कहा कि देशभर में



एम्स में निरीक्षण के दौरान डॉ. हर्षवर्द्धन। साथ हैं रामकृपाल यादव, एम्स के निदेशक व अन्य।

**10** और एम्स खोलने की योजना है केंद्र की

10 और एम्स खोलने की योजना पर विचार चल रहा है। राज्य अभी तय नहीं किए गए हैं। हर्षवर्द्धन रविवार को इंसेफलाइटिस से प्रभावित जिलों में टीकाकरण अभियान का उद्घाटन करेंगे।

स्वास्थ्य मंत्री ने एम्स के निदेशक, निर्माण एजेंसी व अधिकारियों को हर हाल में 25 दिसंबर से पहले काम पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि वे पीएम से इसका उद्घाटन करने का आग्रह करेंगे।

डॉ. हर्षवर्धन ने मुजफ्फरपुर में इंसेफलाइटिस मरीजों का हाल जाना। उन्होंने कहा कि एसकेएमसीएच व डीएमसीएच में विश्वस्तरीय मल्टी रिसर्च सेंटर खुलेंगे। बिहार के सभी मेडिकल कॉलेजों में वायरोलॉजिकल लैब खोले जाएंगे। एसकेएमसीएच के पीआईसीयू वार्ड की क्षमता 100 बेड की होगी। इसमें केंद्र मदद करेगा। इंसेफलाइटिस पर केंद्रीय टीम के अधिकारियों से भी बात हुई है। अभी तक कारणों का पता नहीं चला है। कहा कि मुजफ्फरपुर में कालाजार पर शोध के लिए शीघ्र रिसर्च सेंटर खुलेगा। उन्होंने एसकेएमसीएच में एमबीबीएस की सीटें 100 से बढ़ाकर 250 करने की घोषणा की।

• देखें पेज-08 भी

**250** सीटें एमबीबीएस की होंगी एसकेएमसीएच में, अभी 100 हैं

## टीकाकरण आज से

- पीएम नरेंद्र मोदी कर सकते हैं पटना एम्स का उद्घाटन
- एसकेएमसीएच व डीएमसीएच में विश्वस्तरीय मल्टी रिसर्च सेंटर खुलेंगे

## भोपाल एम्स से सीखें कैसा होता है किचेन

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने एम्स के विद्यार्थियों से पूछा कि उन्हें मेस में बढ़िया खाना मिलता है या नहीं? विद्यार्थियों ने एक स्वर में ना कहा। स्वास्थ्य मंत्री ने निदेशक को परामर्श दिया कि वह भोपाल एम्स जाकर देखें वहां बेहतर खाना मिलता है।

पटना • रविवार • 22 जून 2014 हिन्दुस्तान

# राज्य सरकार एमसीआई के मानकों पर खरा उतरे

**केंद्रीय मंत्री से बातचीत**

पटना | भुवनेश्वर वात्स्यायन

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन ने शनिवार को कहा कि किसी भी सूरत में मेडिकल कॉलेजों में सीट की कटौती के पक्ष में वह नहीं हैं। वैसे एमसीआई स्वायत्त संस्था है। उसके निर्णयों में सरकार हस्तक्षेप नहीं कर सकती। पर अगर राज्य सरकार इस बाबत स्वास्थ्य मंत्रालय से अनुरोध करती है, तो वह एमसीआई से अपील करेंगे कि अपने निर्णय को वह संशोधित करे। राजकीय अतिथिशाला में हिन्दुस्तान के साथ खास बातचीत में डॉ. हर्षवर्द्धन ने यह बात कही।

डॉ. हर्षवर्द्धन ने कहा कि एमसीआई मेडिकल कॉलेजों की आधारभूत संरचना और शिक्षकों की बात करता है। राज्य सरकार इस बारे में वादा तो करती है और उसे भूल जाती है। राज्य सरकार को संपूर्णता में इसे देखना चाहिए। वह राज्य सरकार से भी अपील करेंगे कि एमसीआई के मानक के हिसाब से मेडिकल कॉलेजों की व्यवस्था करें। राज्य सरकार को एमसीआई को यह लिखना चाहिए कि उनके साथ न्याय नहीं हुआ है। निश्चित रूप से इसे देखा जाएगा। इंसेफलाइटिस असामान्य नहीं है। देश के 60 प्रतिशत राज्यों में यह है। 1950 से ही लोग इंसेफ्लाइटिस के बारे में जानते हैं। हां, यह जरूर है कि बिहार में यह अधिक है। यह बात सामने आ रही है कि इंसेफेलाइटिस पीड़ित बच्चों में 90 फीसदी ऐसे हैं जिनका किसी तरह का टीकाकरण नहीं हुआ है। इन्हें बचाया जा सकता है। यह कहना आसान है कि सरकार को और पहले सक्रिय होना चाहिए था।

## एम्स में आयुष चिकित्सा पद्धति विकसित हो

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एम्स के निरीक्षण के दौरान ओपीडी भी गए। मरीजों से बात की। डॉक्टरों को परामर्श दिए। उनका जोर यह रहा कि एम्स में आयुष चिकित्सा पद्धति के केंद्र को बेहतर तरीके से विकसित किया जाए। मौके पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री रामधनी सिंह, नेता प्रतिपक्ष नंदकिशोर यादव, सांसद रामकृपाल यादव, अरुण सिन्हा, नितीन नवीन, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव लव वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव दीपक कुमार थे।

**एम्स के अधीन हो बिक्रम का ट्रामा सेंटर**

विधायक डॉ. उषा विद्यार्थी ने डॉ. हर्षवर्द्धन को ज्ञापन सौंप मांग की कि बिक्रम के ट्रामा सेंटर को एम्स के अधीन कर दिया जाए। कहा कि ट्रामा सेंटर दस वर्षों से तैयार है। पर सरकारी उदासीनता से अब तक चालू नहीं हो सका है। इससे इसका लाभ नहीं मिल रहा है। इसलिए इसे एम्स से जोड़ दिया जाये।

## निर्माण कंपनी को नहीं मिलेगी अग्रिम राशि

एम्स में छह माह से धीमी गति से चले रहे निर्माण कार्य से केंद्रीय मंत्री काफी नाराज हुए। दोनों निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को बुलाकर 25 सितंबर तक काम पूरा करने का निर्देश दिया। निर्माण एजेंसिया दस-दस करोड़ एडवांस के तौर पर मांग रही थी जिसे मंत्री ने देने से इंकार कर दिया। एजेंसियों के अधिकारियों का कहना था कि एडवांस राशि मिलने के बाद काम में तेजी आ जाएगी। इस पर मंत्री ने कहा कि एग्रीमेंट में ऐसा नहीं है।

हिन्दुस्तान
पटना • रविवार • 22 जून 2014
02 युवा

### बोले डॉ. हर्षवर्द्धन, 25 दिसंबर को शुरू हो जाएगा एम्स पटना

# बिहार के मेडिकल कॉलेजों में सीटों की कटौती के पक्ष में नहीं

पटना । युवा टीम

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने डॉ हर्षवर्द्धन ने कहा है कि बिहार के मेडिकल कॉलेजों में सीटों की कटौती के पक्ष में वह नहीं हैं। बिहार के तीन मेडिकल कॉलेजों का मामला उनकी नोटिस में आया है। यह एमसीआई का अधिकार है पर अगर राज्य सरकार उनके पास इस मामले पुनः निवेदन करती है तो वे एमसीआई को इसे सकारात्मक तरीके से देखने को कहेंगे।

## विश्व स्तर पर का बनें पटना एम्स

डॉ. हर्षवर्द्धन ने शनिवार को पटना एम्स का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उद्घाटन की तारीख का एलान किया। कहा देश में दिल्ली एम्स की तर्ज पर छह राज्यों में एम्स शुरू किए जाने की योजना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की थी। हम चाहते हैं कि उनके जन्मदिन पर एम्स का उद्घाटन हो। स्वास्थ्य मंत्री ने एम्स के निदेशक, निर्माण एजेंसी और नियुक्ति में लगे अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे दिन-रात मेहनत कर हर हाल में 25 दिसंबर से पहले काम पूरा कर लें। उन्होंने यह भी कहा कि पटना एम्स को देश नहीं विश्व स्तर पर एक उत्कृष्ट संस्थान के रूप में विकसित किया जाए। यह असंभव नहीं है। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इसका उद्घाटन करने का आग्रह करेंगे।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने एम्स में पढ़ रहे विद्यार्थियों से भी बात की। उनसे विशेष रूप से यह पूछा कि उन्हें मेस में बढ़िया खाना मिलता है या नहीं? विद्यार्थियों ने एक स्वर में ना कहा। स्वास्थ्य मंत्री ने पटना एम्स के निदेशक डॉ. गिरीश कुमार सिंह को परामर्श दिया कि वह इस मामले को इश्यू नहीं बनाना चाहते हैं। वह खाने के मामले को खुद देखें। भोपाल एम्स जाकर देखें कि किस तरह से वहां स्मार्ट किचेन है और बेहतर खाना मिलता है। विद्यार्थियों ने रात में बिजली कटने व सड़क खराब होने की शिकायत की। एम्स के फैकल्टी से भी डॉ. हर्षवर्द्धन ने बात की। शिकायत यह थी कि ग्लोबल टेंडर की वजह से उपकरणों के आने में देरी हो रही है। लोकल टेंडर हो तो समस्या खत्म हो सकती है।

## मरीजों को दिए परामर्श

डॉ. हर्षवर्द्धन ओपीडी में भी गए और मरीजों से बात की। चिकित्सकों को कई परामर्श दिए। उनका जोर यह रहा कि एम्स में आयुष चिकित्सा पद्धति के केंद्र को बेहतर तरीके से विकसित किया जाए। कहा कि भारतीय चिकित्सा पद्धति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। मेडिकल एथिक्स की भी बात की। सौ नहीं पांच सौ फीसदी पारदर्शिता की बात कही। पर्यावरण व आक्यूपेशनल मेडिसीन पर भी चर्चा हुई। ग्रीन एम्स बनाने को मॉडल तैयार करने पर जोर दिया।

इस मौके पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री रामधनी सिंह, नेता प्रतिपक्ष नंदकिशोर यादव, सांसद रामकृपाल यादव विधायक डा. उषा विद्यार्थी, अरुण सिन्हा, नितीन नवीन, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव लव वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव दीपक कुमार भी उपस्थित थे।

### केन्द्रीय मंत्री का दौरा

- पटना एम्स का निरीक्षण किया केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्द्धन ने
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर सकते है उद्घाटन
- एम्स में ऐसे विभाग भी शुरू किए जाएं जो कहीं नही है
- आयुष सेगमेंट को बेहतर तरीके से विकसित करने पर जोर
- एम्स में पढ़ रहे छात्रों और ओपीडी में आये मरीजों से की बात



शनिवार को पटना एम्स के निरीक्षण के दौरान एक बच्चा मरीज की जाकारी लेते डॉ. हर्षवर्द्धन।

### जायजा | अटल बिहारी के जन्मदिन पर जनता को एम्स सौंपना चाहते हैं डॉ. हर्षवर्धन

# 25 दिसंबर से पहले हर हाल में तैयार करें एम्स



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन शनिवार को एम्स का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान वे मरीजों से भी मिले। उनके साथ एम्स के डायरेक्टर डॉ. जीके सिंह व सांसद रामकृपाल यादव भी थे।

भास्कर न्यूज. पटना

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि पटना एम्स को हर हाल में 25 दिसंबर तक जनता को सौंप दें। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है। पटना एम्स उन्हें ही समर्पित किया जाएगा। कोशिश होगी कि इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करें। वे शनिवार को एम्स का निरीक्षण करने आए थे।

उन्होंने कहा कि दो साल में देश में और दस एम्स बनाए जाएंगे। पटना एम्स में नया विषय 'इनावयरमेंटल एंड ऑक्यूपेशनल मेडिसिन' की शुरुआत होनी चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा बिहार से कालाजार और एक्यूट इंसेफ्लाइटिस सिंड्रोम को खत्म किया जाएगा। इंसेफ्लाइटिस से बच्चे मर रहे हैं और राज्य में वायरोलॉजी लैब की व्यवस्था नहीं हुई... इस पर मंत्री बोले- हेल्थ सेक्रेट्री को कहा गया है। मौके पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री रामधनी सिंह, सांसद शत्रुघ्न सिन्हा, अश्विनी कुमार चौबे, रामकृपाल यादव, विधायक नंदकिशोर यादव, नितिन नवीन व आईजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एनआर विश्वास, डॉ. विमल कारक आदि भी मौजूद थे।

## सुविधाओं को करें ऑनलाइन

डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि बीती बातों को भूलकर सौ नहीं, पांच सौ फीसदी ट्रांसपेरेंसी लाएं। एम्स में मिलने वाली सुविधाओं को ऑनलाइन करें।

## निदेशक की मांग: 10 करोड़ मोबलाइजेशन एडवांस मिले

पटना एम्स के निदेशक डॉ. गिरीश कुमार सिंह ने केंद्रीय मंत्री को सेवाओं और कमियों की जानकारी दी। ट्रॉमा सेंटर के लिए फ्लोर स्पेस सितंबर तक मिलना चाहिए। 10 करोड़ एडिशनल मोबलाइजेशन एडवांस तुरंत मिलने चाहिए। इमरजेंसी शुरू करने के लिए 33 केवीए बिजली कनेक्शन की जरूरत है। एम्स में 180 बेड हैं। इसे बढ़ाकर 300 करना होगा। इसमें 270 बेड अस्पताल में और 30 मोबाइल वैन में होंगे। ब्लड बैंक स्थापित करने की भी जरूरत है।

## मेस के लिए भोपाल एम्स का मेन्यू फॉलो करें : मंत्री

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने फैकल्टी, छात्र, मरीज और नर्सों से पटना एम्स में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। छात्रों के मेस के लिए भोपाल एम्स का मेन्यू फॉलो करने के लिए कहा। छात्रों ने कैंपस में बिजली गुल होने और बाहर सड़क की खस्ता हालत की जानकारी दी। सूत्रों का कहना है कि पटना एम्स का मेस छात्र ही चलाते हैं। छात्र ही मेन्यू और कीमत तय करते हैं। फैकल्टी सदस्यों ने उपकरण मिलने देर होने की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुछ चीजें बन रही हैं। सबकी व्यवस्था हो जाएगी।

### भोपाल मॉडल

**सोमवार:** नाश्ता में अंडा भुजिया, दूध-कॉर्नफ्लैक्स, गोभी पराठा, चाय-कॉफी व फल-ब्रेड जैम। **रात का खाना :** चिकेन, दाल मखनी, बैंगन का भुजिया, राइस सूप, दही, टमाटर की चटनी।

**मंगलवार:** इटली सांभर, दूध कॉर्नफ्लेक्स, चाय-कॉफी, फल, ब्रेड-जैम। **रात का खाना:** अंकुरित अनाज, दाल फ्राई, जीरा राइस, हलुवा-रोटी और दही।

**बुधवार:** पोहा, उबले अंडे, फल, ब्रेड-जैम, चाय-कॉफी, अंकुरित अनाज। **रात का खाना:** चिकेन, पालक पनीर, दाल जीरा फ्राई, राइस बिरियानी, दही, रोटी

**गुरुवार:** आलू पराठा, चटनी, दूध, कॉर्नफ्लेक्स, फल, अंकुरित अनाज, चाय-कॉफी। **रात का खाना:** अंडा कड़ी, राजमा, चावल, दही, टमाटर चटनी।

**शुक्रवार:** डोसा सांभर,ब्रेड-जैम, दूध, कॉर्नफ्लेक्स, फल, अंकुरित अनाज। **रात का खाना:** मिक्स दाल, रोटी, भिंडी, दही, पुलाव, आईसक्रीम।

**शनिवार:** छोले-कुल्चे, ब्रेड जैम, टोस्ट, दूध, कॉर्नफ्लेक्स, फल, अंकुरित अनाज। **रात का खाना:** मौसमी सब्जी, मंचूरियन, दाल तड़का, चावल, दही

**रविवार:** पूड़ी-सब्जी, दूध, कॉर्नफ्लेक्स, अंकुरित अनाज, फल, चाय-कॉफी। **रात का खाना:** चिकेन, छोले-भटूरे, वेज पुलाव, दही, रायता, रसगुल्ला

राष्ट्रीय सहारा
पटना। रविवार • 22 जून • 2014

# 25 दिसम्बर को मिलेगा एम्स का तोहफा

- अटल के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री करेंगे सूबे को समर्पित : हर्षवर्द्धन
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री बोले, मेडिकल एथिक्स पर ध्यान दें डॉक्टर

पटना (एसएनबी)। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्द्धन ने शनिवार को कहा कि 25 दिसम्बर को संपूर्णता के साथ पटना एम्स राज्य को सौंप दिया जाएगा। पटना एम्स अपनी संपूर्णता के नजदीक पहुंच चुका है। अब केन्द्र सरकार की मंशा अन्य राज्यों को भी एम्स की तर्ज पर अस्पताल देने का है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य पटना एम्स के निरीक्षण के दौरान संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को कार्य में शीघ्रता लाने का निर्देश देते कहा कि हमसब चाहते हैं कि 25 दिसम्बर को अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर केन्द्र की एनडीए सरकार से तोहफा दिया जाए। अस्पताल प्रशासन को भ्रष्टाचार मुक्त अस्पताल बनाने का निर्देश देते कहा कि इसके लिए सख्त-से-सख्त कदम उठाने से परहेज न करें। इस सरकार का पहला एजेन्डा है कि, अस्पताल जब तक (शेष पेज 15 पर)




एम्स का निरीक्षण कर बाहर निकलते डॉ. हर्षवर्द्धन। (पेज 6 भी देखें)

## मुजफ्फरपुर-दरभंगा मेडिकल कॉलेज में खुलेंगे रिसर्च सेंटर

- एईएस पीड़ितों के नमूने की जांच को सीडीसी अटलांटा से लेंगे मदद

मुजफ्फरपुर (एसएनबी)। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन ने कहा है कि उत्तर बिहार में फैली बीमारी की रोकथाम के लिए मुजफ्फरपुर और दरभंगा मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक रिसर्च सेन्टर खोला जाएगा तथा बीमारी से संबंधित नमूनों की जांच के लिए भारत सरकार सीडीसी अटलांटा के साथ मिलकर काम करेगी। डॉ. हर्षवर्द्धन शनिवार को इंसेफ्लाइटिस पीड़ित बच्चों की स्थिति का जायजा लेने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित (शेष पेज 15 पर)

राष्ट्रीय सहारा

पटना। रविवार • 22 जून • 2014

# सूबे को मिलेगा एक और एम्स

■ बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने दी जानकारी

पटना (एसएनबी)। सूबे को एक और एम्स मिलने जा रहा है। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने शनिवार को बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (बीआईए) के प्रतिनिधिमंडल को दी। मंत्री ने बताया कि बिहार को एक और एम्स देने को लेकर योजना बनायी जा रही है। अभी यह तय नहीं है कि दूसरा एम्स कहां बनेगा। मालूम हो कि पटना में एक एम्स खुला है। अभी इसका और विस्तार होना है।

सूबे में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में असीम संभावनाएं की बात कहने को लेकर बीआईए अध्यक्ष अरुण अग्रवाल की अगुआई में प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन से मिला। मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे अपने स्तर से हरसंभव मदद करेंगे। अध्यक्ष अग्रवाल पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार राजकीय अतिथिशाला में केंद्रीय मंत्री से मिले और अपनी बात कही। उन्होंने मंत्री से कहा कि राज्य में स्वास्थ्य से संबंधित कई उद्योगों का विकास किया जा सकता है। मंत्री ने कहा कि उद्योग उनके मंत्रालय में नहीं आता है फिर भी वे इसके लिए संबंधित मंच पर उठायेंगे व अपनी तरफ से पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने राज्य में एक और एम्स खोलने की योजना के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही कहा कि अपने व्यस्त समय में से कुछ समय निकालकर बीआईए आयेंगे। प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष नीशीथ जयसवाल, महासचिव संजय भारतीया, खजांची रशमेश चंद्र गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष केपीएस केसरी, पूर्व उपाध्यक्ष राम लाल खेतान, सीएसआर सब कमेटी के अध्यक्ष मनीष तिवारी व यूके सोनी भी शामिल थे।



एम्स में एक बच्चे को देखते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन।

# भोपाल एम्स की तरह हो मेस की व्यवस्था : डॉ. हर्षवर्द्धन

पटना (एसएनबी)। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ हर्षवर्धन अपने निर्धारित समय 9:30 बजे एम्स परिसर पहुंचे। एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग में पहुंचते ही मुख्य द्वार एमबीबीएस की छात्राओं ने अतिथियों का मंगल-आरती कर रोली(टिका) लगायी। इसके बाद संस्थान के निदेशक डॉ जी के सिंह ने बारी-बारी से संस्थानों में किए जा रहे ऑपरेशनों एवं अन्य विकासात्मक कार्यों के बारे में जानकारी दी। साथ ही कई सामानों की कमी की भी जानकारी दी एवं जल्द से जल्द मुहैया कराने का आग्रह किया। मंत्री ने छात्रों से खाना की व्यवस्था के बारे में जाननी चाही तो सभी ने एक सुर से खराब होने की बात कही। फिर क्या था उन्होंने मौके पर ही निदेशक को एम्स,भोपाल की तरह किचेन सिस्टम को डेवलप करने को कहा। केन्द्रीय मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी एवं तत्कालीन केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री सुषमा स्वराज द्वारा बारह वर्ष पहले शुरू की गयी उनकी महत्वाकांक्षी परियोजना थी। वर्ष 2004 में एनडीए की शासन समाप्त हो जाने के कारण दुर्भाग्यवश अब तक पूरी तरह चालू नहीं किया जा सका। डॉ हर्षवर्धन ने कहा एम्स,पटना को पूरे वर्ल्ड में क्लास बनाने की सपना है जिसे जल्द पूरा किया जायेगा।

केन्द्रीय मंत्री ने एमबीबीएस एवं पारामेडिकल छात्रों से संस्थानों में आने वाली कठिनाइयों के बारे में जानकारी ली। छात्रों ने एक सुर से कहा कि उनलोगों की सबसे बड़ी समस्या बिजली कटने की है। इसके अलावे उन्होंने बारी-बारी से किस राज्यों से कितने छात्र पढ़ रहे हैं इसकी भी जानकारी ली। इसके अलावे उन्होंने जोर देते हुए कहा कि किसी भी किमत पर भ्रष्टाचार को बर्दास्त नहीं किया जायेगा। कोई भी काम हो उसमें पूरी पारदर्शिता होनी चाहिए।

राष्ट्रीय
सहारा
पटना। रविवार • 22 जून • 2014

# मंत्री ने खुद की पीड़ित बच्चों की जांच

■ केन्द्रीय मंत्री हर्षवर्द्धन ने एसकेएमसीएच व केजड़ीवाल अस्पताल पहुंचकर लिया हालात का जायजा, परिजनों से उनके रहन सहन, खानपान के बारे में पूछा

■ चार और बच्चों ने दम तोड़ा मृतकों की संख्या 150 पर पहुंची

मुजफ्फरपुर (एसएनबी)। जिले में फैले एईएस के कहर से बीमार बच्चों का हाल जानने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन शनिवार की शाम मुजफ्फरपुर पहुंचे। उन्होंने एसकेएमसीएच और केजड़ीवाल अस्पताल में लगभग दो घंटे बिताये और दोनों अस्पतालों में भर्ती इंसेफ्लाइटिस पीड़ित बच्चों की सुधि ली तथा कई बच्चों के परिजनों से पूछताछ कर उनके रहन-सहन, खानपान और अस्पताल में दी जा रही चिकित्सा सुविधा के संबंध में जानकारी ली। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने एसकेएमसीएच के डॉक्टरों और एईएस के कारणों का पता लगाने में जुटे देश विदेश के डॉक्टरों की टीम से भी एईएस की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उधर एईएस का प्रकोप शनिवार को भी जारी रहा।

शुक्रवार की देर शाम से लेकर शनिवार की देर शाम तक के बीते 24 घंटे की अवधि में एसकेएमसीएच में भर्ती 4 और बच्चों ने दम तोड़ दिया। इसके साथ ही इस बीमारी से मरने वाले बच्चों की संख्या 150 पर पहुंच गई है। शनिवार की शाम पांच बजे मुजफ्फरपुर पहुंचे केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री का पार्टी के स्थानीय सांसद, विधायकों, नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्थानीय परिसदन में स्वागत किया। इसके बाद डॉ. हर्षवर्धन सीधे एसकेएमसीएच पहुंचे तथा अस्पताल के चारों आईसीयू में जाकर इलाजरत बच्चों की स्वयं जांच की तथा उनके परिजनों से बीमारी से संबंधित पूछताछ की। बच्चों को देखने के बाद डॉ. हर्षवर्धन ने डॉक्टरों से भी इस संबंध मंत्रणा की। एसकेएमसीएच के बाद देर शाम डॉ. हर्षवर्धन जूरन छपरा स्थित केजड़ीवाल अस्पताल पहुंचे तथा वहां की व्यवस्था की निरीक्षण करने के साथ वहां भर्ती लगभग डेढ़ दर्जन एईएस पीड़ित बच्चों की जांच पड़ताल की। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने शनिवार की देर शाम स्थानीय समाहरणालय सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग के लोगों के साथ बैठक कर जिले में फैली बीमारी की रोकथाम के लिए विचार विमर्श किया। उधर, डॉ. हर्षवर्धन के मुजफ्फरपुर पहुंचने के मद्देनजर एसकेएमसीएच को बदरंग तस्वीर से निजात मिल गई। मंत्री के आने से एक दिन पूर्व नगर निगम की नींद टूटी। शौचालय की टंकी व नाले की सफाई युद्धस्तर पर जारी रही। वहीं एसकेएमसीएच प्रशासन अस्पताल को चकाचक बनाने में जुटा रहा।


मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में जायजा लेते केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन।

शुक्रवार से उत्तर बिहार में मानसून के प्रवेश करने के साथ मौसम के तापमान में आई गिरावट के कारण बच्चों के मृत्यु दर में चौबीस घंटे के भीतर काफी कमी आई। शनिवार को जिले तथा आसपास के क्षेत्रों में हुई वर्षा के कारण शनिवार को हुई मौसम के तापमान भारी गिरावट आई। मौसम के तापमान में गिरावट आने के साथ ही अब बच्चों के मृत्यु दर में काफी कमी देखी गई। एसकेएमसीएच में बीते 24 घंटे के अंतराल में जिन बच्चों की मृत्यु हुई उसमें मोतिहारी राजेपुर के ढाई वर्षीय मुस्कान, मीनापुर की दो वर्षीय मैमून खातून, सूरजन पकड़ी मीनापुर का 6 वर्षीय समीर कुमार और दस वर्षीय ममता कुमारी का नाम शामिल है। उधर केजड़ीवाल अस्पताल में इस अवधि के दौरान 5 नए मरीज भर्ती कराए गए, परन्तु इस अस्पताल में किसी बच्चे की मृत्यु की सूचना नहीं है।

राष्ट्रीय सहारा

## 25 दिसम्बर को ...

भ्रष्टाचार मुक्त नहीं रहेगा मरीजों को सुविधा पहुंचने में मुश्किलें आयेंगी। डॉ. हर्षवर्द्धन ने कहा कि अस्पताल के हर काम को ऑनलाइन करें। इससे आधी समस्या अपने आप दूर हो जाएगी। दिल्ली एम्स को बतौर मॉडल मान कर काम करेंगे तो राह आसान होती जाएगी। डा. हर्षवर्द्धन ने चिकित्सा की पढ़ाई कर रहे छात्रों को मेडिकल एथिक्स पढ़ाने की बात भी कही। दरअसल इस पाठ के बिना चिकित्सक संवेदनशीलता भूल जाते हैं। जिम्मेदारी का सही एहसास नहीं होता है। इसकी वजह मरीज व चिकित्सकों के बीच संबंध बिगड़ जाते हैं। इसके साथ ही डा. हर्षवर्द्धन ने यहां के छात्रों को प्रकृति विषय को भी विशेष तौर से पढ़ने को कहा। ऐसा पटना एम्स को ग्रीन बेल्ट में विकसित करने के उद्देश्य से जरूरी है। बिहार की बीमारियों पर चर्चा करते डा. हर्षवर्द्धन ने पटना एम्स प्रशासन को कालाजार व इंसेफ्लाइटिस पर अनुसंधान कार्य प्रारंभ करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस कार्य में दिल्ली एम्स से सहायता मिलेगी। केन्द्र सरकार से जो अपेक्षित सहयोग होगा वह किया जाएगा। दरअसल दोनों बीमारियां बिहार के लिए कहर बन गई हैं। इस मौके पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री रामधनी सिंह, प्रधान सचिव दीपक कुमार, केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव लव वर्मा, केन्द्रीय संयुक्त सचिव श्री नायक, डॉ. रामसागर सिंह भी मौजूद थे। पूर्व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री शत्रुघ्न सिन्हा, पाटलिपुत्रा सांसद रामकृपाल यादव, भाजपा महासचिव सुधीर शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय मयूख व विधायक नितिन नवीन ने केंद्रीय मंत्री से भेंट की। विधायक उषा विद्यार्थी ने ट्रॉमा सेन्टर को एम्स के हवाले करने की मांग की।

आज

पटना, रविवार, २२ जून, २०१४

# बच्चों की मौत चिंताजनक

## अनिवार्य औषधि योजना शीघ्र लागू की जायेगी : हर्षबर्द्धन

(हाजीपुर कार्यालय)

हाजीपुर (आससे)। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्द्धन ने शनिवार को यहां कहा है कि उत्तर बिहार के मुजफ्फरपुर सहित विभिन्न जिलों में कथित इंसेफलाइटिस से हो रही बच्चों की मौत चिंताजनक है और इसके लिए राज्य सरकार की जिम्मेवारी बनती है।

पटना से मुजफ्फरपुर जाने के क्रम में स्वास्थ्य मंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं के स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुपोषण, गंदगी और साफ-सफाई का अभाव के अनेक कारणों से इन बच्चों की ऐसी बीमारियों से मौत हो सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन बच्चों की मौत को रोकने के लिए जिस जबावदेही और संवेदनशीलता के साथ ऐतिहासिक कदम उठानी चाहिए थी वह नहीं उठायी गयी। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि देश में ५० जेनेरिक दवाओं से मरीजों की इलाज की ७५ प्रतिशत जरुरतें पुरी हो जायेगी। इसमें दर्द, संक्रमण, ब्लड प्रेसर, डायबिटिज आदि शामिल हैं। मानक सूची के जरिये उचित मूल्य पर इन दवाओं की उपलब्धता सभी



पटना एम्स में मरीजों से मिलते केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षबर्द्धन।

(शेष पृष्ठ ९ पर)

## 25 दिसम्बर को होगा एम्स राष्ट्र को समर्पित

फुलवारीशरीफ (कोर्ट)। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धनने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देशको गरीबी एवं कुपोषणसे मुक्त करानेका सपना संजोये रखा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयीके जन्म दिनके अवसरपर पटना एम्सको एक उपहारके रूपमें पेश करके राष्ट्रको समर्पित किया जायेगा। उक्त बातों की जानकारी केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धनने शनिवारको फुलवारीशरीफ स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान में निरीक्षणके दौरान कही। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री

(शेष पृष्ठ ९ पर)

आज

पटना, रविवार, २२ जून, २०१४

योजना है। दिल्ली अनिवार्य औषधि १९९३-९८ योजना देशभर में लागू करने पर विचार किया जा रहा है। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह और पार्टी के सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह भी उपस्थित थे। पार्टी जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

## 25 दिसम्बर को होगा...

डा. हर्षवर्धनने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और केन्द्रीय मंत्री सुषमा स्वराजने बिहारमें एम्सका एक सपना देखा था आज उनका सपना एम्सके रूपमें समर्पित है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धनने देशमें चिकित्सकों की भारी कमीपर चिंता जाहिर करते हुए कहा देशका स्वास्थ्य मंत्री होनेके नाते चिकित्सकोंकी भारी कमीपर चिंता जाहिर करते हुए कहा देशका स्वास्थ्य मंत्री होनेके नाते चिकित्सकोंकी संख्या बढ़ानेके लिए देशमें कई मेडिकल कालेज नर्सिंग संस्थान मेडिकल होस्टल खोले जाने होंगे। साथ ही मेडिकलके छात्रोंको बेहतर पढ़ाई एवं प्रशिक्षणके लिए सरकार द्वारा पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने दावा किया कि पटनाका एम्स आने वाले कुछ वर्षोंमें देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनियामें सर्वोच्च हॉस्पिटलके रूपमें जाना जायेगा। एम्स निर्माणमें हो रहे देरी का कारण उन्होंने केन्द्रकी पिछली सरकारोंपर थोपा है। उन्होंने पिछले केन्द्रकी कांग्रेस नित यूपीए सरकारका नाम लिए बगैर कहा कि पटना एम्सके साथ भेदभाव की नीतिके कारण एम्स निर्माणमें ग्रहण लग गया था लेकिन नरेन्द्र मोदीकी सरकार ने एम्सको युद्ध स्तरपर काम करके इसे एक बेमिसाल हॉस्पिल बनानेका मंशा जाहिर किया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धनने आगे कहा कि पटना एम्स  निर्माणमें अब कोई कोताही नहीं बरती जायेगी। पटना एम्स निर्माणके लिए जितनी राशिकी जरूरत पड़ेगी उसे केन्द्र सरकार अविलम्ब उपलब्ध करायेगी। इसके लिए वे दिल्ली वापस पहुंचते ही इसपर एक समीक्षा बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि पटना एम्स आधुनिक तकनीकसे सुसज्जित होगा, यहांकी मेडिकल सुविधा नर्सिंग होस्टल ओपीडी, ऑपरेशन थियेटर दवा वितरणकी व्यवस्था वन ग्रेडकी होगी। बिहारमें महामारीका रूप ले चुका जानलेवा बीमारी ईंसेफलाईटीसपर बोलते हुए कहा कि बिहारमें ईंसेफलाईटीस एवं कालाजार रोगकी रोकथाम बिहार ही नहीं पटना एम्सके लिए भी एक चैलेन्ज का काम है वे इसे हरसंभव दूर करेंगे। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धनने कहा कि वे स्वयं को पिछले तीसन सालोंसे एक चिकित्सकके रूपमें काम करते रहनेके कारण बीमारी और मरीजोंके दु:ख दर्दको बखूबी जानते हैं। एम्समें करीब पांच घंटे तक घूम-घूमकर निरीक्षणके बाद पटना एम्सके निदेशक डा. गिरीश कुमार सिंहको कई दिशा निर्देश भी दिये। इस मौकेपर एम्सके सभागारमें केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री का भव्य स्वागत सत्कार किया गया।

पटना एम्स के निदेशक डा. गिरीश कुमारने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धन को पटना एम्स द्वारा आकस्मिक चिकित्सा एवं उसके निदान करनेकी विस्तृत जानकारी दी। एम्स निदेशकने यहां चलाये जा रहे योजनाओंकी जानकारी स्क्रीन के माध्यमसे केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धनको दी। जिनमें संकट संकेत छतीसा संकट मोचन समेत अन्य शामिल रहे। उन्होंने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धन को यह भी बताया कि दूरदराजके आकस्मिक मरीजोंको एम्समें इलाजके लिए लाये जानेसे पूर्व स्थानीय स्तरपर एम्ससे जुड़े कार्यकर्ताओंके कार्यकलापोंकी भी जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमानमें यहां एक सौ अस्सी बेड उपलब्ध है जबकि एक हजारसे पन्द्रह सौ मरीज प्रतिदिन इलाज करानेके लिए आ रहे हैं उन्होंने यह भी बताया कि एम्समें पहली बार कई ऐसे आपरेशन किये गये जो बिहारके सरकारी अस्पतालोंमें अभी तक उपलब्ध नहीं हो सका है। मसलन अंठानवें वर्षके वृद्ध के कूल्हेका प्रत्यारोपण, कॉकलेयर इम्प्लांट प्रमुख है इसके अलावा प्रतिदिन यहां विभिन्न रोगोंके पांच मरीजोंका आपरेशन किया जा रहा है। उन्होंने एम्समें बढ़ रही मरीजोंकी संख्याको देखते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धनसे कहा कि एम्सके जिन ब्लॉकोंका निर्माण अधूरा है उनके निर्माणमें गति लानेके लिए एम्सके निर्माण एजेंसीको जल्द पर्याप्त राशि उपलब्ध कराया जाए। इस मौकेपर बिहारके स्वास्थ्य मंत्री रामधनी सिंह, पूर्व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं पटना साहिबके भाजपा सांसद शत्रुघ्न सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव, पाटलिपुत्रके भाजपा सांसद रामकृपाल यादव, विधायक नितीन नवीन, उषा विद्यार्थी, विधायक अरुण कुमार सिन्हा, विधान पार्षद संजय मयुख, अशोक भट्ट सहित केन्द्रीय एवं राज्य सरकारके स्वास्थ्य सचिव और स्वास्थ्य विभागके तमाम आला अधिकारी भी मौजूद रहे।

## बच्चों की मौत...

अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं डिस्पेंशनरी में पर्याप्त मात्रा में करने की

सन्मार्ग
पटना, रविवार, 22 जून, 2014

### केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने किया पटना एम्स का निरीक्षण, बोले

# मोदी सरकार का सपना कुपोषण मुक्त भारत

**पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर राष्ट्र को समर्पित किया जायेगा पटना एम्स**

**देश में डॉक्टरों की भारी कमी पर जतायी चिंता**

संवाददाता फुलवारीशरीफ



केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने कहा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को गरीबी एवं कुपोषण से मुक्त कराने का सपना संजो रखा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर को पटना एम्स को एक उपहार के रूप में पेश करके राष्ट्र को समर्पित किया जायेगा। उक्त बातें केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने शनिवार को फुलवारीशरीफ स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान में निरीक्षण के दौरान कही। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने देश में चिकित्सकों की भारी कमी पर चिंता शेष पेज 11 पर

**एम्स में जिनकी जमीन का अधिग्रहण हुआ है, उन्हें विशेष रियायत**

**नौकरी, दुकान आवंटन एवं अन्य में मिल सकता है कोटा**

फुलवारीशरीफ : पटना एम्स में जिन किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया है उनके लिए स्वास्थ्य मंत्रालय विशेष रियायत देने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। अगले कुछ दिनों में दिल्ली में अधिकारियों कि बैठक में इस आशय पर निर्णय लिया जाएगा। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने शनिवार को पटना एम्स में निरीक्षण करने के दौरान किसान संघर्ष सहयोग शेष पेज 11 पर

सन्मार्ग
पटना, शनिवार, 22 जून 2014

जताया। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के लिए देश में कई मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग संस्थान, मेडिकल हॉस्टल खोले जायेंगे साथ ही मेडिकल के छात्रों को बेहतर पढ़ाई एवं प्रशिक्षण के लिए केंद्र सरकार द्वारा पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध करायेगी। उन्होंने दावा किया कि आने वाले वर्षों में पटना का एम्स देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के सबसे अच्छे हॉस्पिटलों में से एक होगा। एम्स के निर्माण में हो रही देरी का कारण उन्होंने केन्द्र कि पिछली सरकारों पर थोपा। उन्होंने यूपीए सरकार का नाम लिए बगैर कहा कि सरकार की भेदभाव की नीति के कारण पटना एम्स के निर्माण में ग्रहण लग गया था, लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार एम्स के निर्माण कार्य को युद्धस्तर पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि पटना एम्स निर्माण में अब कोइ कोताही नहीं बरती जायेगी। इसके निर्माण के लिए जितनी राशि की जरूरत पड़ेगी, उसे केन्द्र सरकार अविलम्ब उपलब्ध कराएगी। एक सवाल का जवाब देते हुए हर्षवर्धन ने कहा कि बिहार में इंसेफलाइटिस एवं कालाजार रोग की रोकथाम बिहार ही नही पटना एम्स के लिए भी एक चैलेंज का काम है वे इसे पूरी तरह खत्म करने का हरसंभव उपाय करेंगे। उन्होंने कहा कि वे स्वयं एक चिकित्सक होने के नाते पिछले कई वर्षों से इस बीमारी के मरीजों के दुख-दर्द को बखूबी जानते हैं। एम्स में करीब पांच घंटे तक निरीक्षण करने के बाद पटना एम्स के निदेशक डॉ गिरीश कुमार सिंह को कई दिशा - निर्देश भी दिये।

## एम्स में जिनकी जमीन ...

समिति के सचिव रामकेश्वर राय अकेला एवं सुरेन्द्र प्रसाद यादव के ज्ञापन पर उक्त बातें कही। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन के कहा कि बेशक उन किसानो का हक बनता है, जिन्होंने अपनी जमीन एम्स के निर्माण में दी है।

प्रत्यूष नवबिहार
पटना, रविवार, 22 जून 2014

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने पटना एम्स का किया निरीक्षण, बोले

# निर्माण कार्य में लाएं तेजी



संवाददाता || फुलवारीशरीफ

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने शनिवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निर्माण कार्य का जायजा लिया और इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। डॉ हर्षवर्धन ने पटना एम्स में मेडिकल कॉलेज, अस्पताल, वार्ड, ऑपरेशन थियेटर और निर्माणाधीन भवनों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एम्स के निदेशक डॉ जीके सिंह के अलावा अन्य चिकित्सकों के साथ विचार- विर्मश किया। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का सपना था कि देश में छह नये एम्स की स्थापना की जाये और उसी के शेष पेज 05 पर

## जिनकी जमीन का अधिग्रहण हुआ है, उन्हें विशेष रियायत

फुलवारीशरीफ : पटना एम्स में जिन किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया है उनके लिए स्वास्थ्य मंत्रालय विशेष रियायत देने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। अगले कुछ दिनों में दिल्ली में अधिकारियों कि बैठक में इस आशय पर निर्णय लिया जाएगा। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने शनिवार को पटना एम्स में निरीक्षण करने के दौरान किसान संघर्ष सहयोग समिति के सचिव रामकेश्वर राय अकेला एवं सुरेन्द्र प्रसाद यादव के ज्ञापन पर उक्त बातें कही। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री शेष पेज 05 पर

## इंसेफलाइटिस पीड़ित बच्चों से मिले हर्षवर्धन

मुजफ्फरपुर : केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन शनिवार की शाम एसकेएमसीएच असताल और केजरीवाल मातृसदन अस्पताल का निरीक्षण कर उसमें भर्ती इंसेफलाइटिस पीड़ित बच्चों से मिले। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने इस दौरान बच्चों के परिजनों से बातचीत की और अस्पताल के डॉक्टरों से बीमारी से संबंधित लक्षणों और और उसके इलाज तथा रोकथाम की विस्तार से चर्चा की। वहीं डॉ हर्षवर्धन के साथ राज्य के स्वास्थ्य मंत्री, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव और राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी मौजूद थे।

### निर्माण कार्य में ...

तहत पटना में एम्स का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में इसके निर्माण में कुछ देरी हुई है, लेकिन अब हमारी इच्छा है कि जल्द से जल्द इसका निर्माण पूरा हो। डॉ हर्षवर्धन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पटना एम्स का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पटना एम्स के निदेशक श्री सिंह के साथ उनकी बैठक हुई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री इंसेफलाइटिस से पीड़ित बच्चों को देखने के बाद मुंबई और दिल्ली से आये विशेषज्ञ चिकित्सकों से बातचीत कर स्थिति की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके बाद वह वहां इस बीमारी को रोकने के लिए टीकाकरण अभियान का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान बिहार के स्वास्थ्य मंत्री रामधनी सिंह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय सांसद राम कृपाल यादव समेत भाजपा के कई विधायक भी मौजूद थे।

### जिनकी जमीन का ...

डॉ हर्षवर्धन के कहा कि बेशक उन किसानो का हक बनता है, जिन्होंने अपनी जमीन एम्स के निर्माण में दी है।

روزنامہ راشٹریہ سہارا
پٹنہ/رانچی، 22 جون 2014 اتوار

# پٹنہ ایمس واجپئی کے یوم پیدائش پر قوم کے سپرد

## اسپتال کا معائنہ کرنے کے بعد صحت کے مرکزی وزیر ہرش وردھن کا اعلان



پٹنہ (ایس این بی)

پٹنہ شہر کے آل انڈیا انسٹی ٹیوٹ آف میڈیکل سائنسز (ایمس) کی دھیمی رفتار سے تعمیری کام پر بے اطمینانی ظاہر کرتے ہوئے صحت کے مرکزی وزیر ہرش وردھن نے اسے اس سال تک ہر حال میں مکمل کر لینے کی ہدایت دی، تاکہ سابق وزیراعظم اٹل بہاری واجپئی کے یوم پیدائش 25 دسمبر کو یہ قوم کے سپرد کیا جاسکے۔

پٹنہ کے پھلواری شریف میں ایمس کا سائٹ کو معائنہ کرنے سے قبل میڈیا سے بات چیت میں مسٹر ہرش وردھن نے کہا، 'وہ حکام کو ہدایت دیں گے کہ اس کی تعمیر کا کام جنگی سطح پر کرتے ہوئے اسے سال کے آخر تک کسی بھی قیمت پر مکمل کرلیا جائے، تاکہ وزیراعظم نریندر مودی سابق وزیراعظم اٹل بہاری واجپئی کے یوم پیدائش کے موقع پر آئندہ 25 دسمبر کو اسے ملک کو سپرد کر سکیں۔'

مسٹر واجپئی نے 2004 میں اپنے وزیراعظم کے عہد میں پٹنہ سمیت ملک کے کئی خطوں میں 6 ایمس کھولے جانے کے منصوبے کا تصور کیا تھا۔ گزشتہ برسوں میں پٹنہ ایمس کی تعمیر کے کام کا وقت 5 بار بڑھایا گیا لیکن اب تک یہ پورا نہیں ہو پایا ہے۔ اس سلسلے میں پوچھے گئے ایک سوال کے جواب میں مسٹر ہرش وردھن نے کوئی تبصرہ کرنے سے انکار کرتے ہوئے کہا کہ ان کا مقصد پہلے کیا کیا گیا اسے بھول کر آگے کی طرف دیکھنا ہے۔ انہوں نے کہا کہ ملک......

(باقی صفحہ ایس پر)

पिन्दार روزنامہ پٹنہ پندار पटना
22.06.2014

# انسفلائٹس کو نقص تغذیہ سے جوڑنا مناسب نہیں: ہرش وردھن

## مرکزی وزیر صحت نے مظفرپور میں بیمار بچوں سے ملاقات کی اور پٹنہ میں ایمس کا معائنہ کیا

**مظفرپور/پٹنہ، 21 جون (پی این ایس)**

مرکزی وزیر صحت ڈاکٹر ہرش وردھن نے سنیچر کو شری کرشن میموریل اسپتال اور کجریوال اسپتال میں زیر علاج انسفلائٹس میں مبتلا بچوں اور ان کے سرپرستوں سے ملاقات کرکے ان کی خیریت دریافت کی۔ اس دوران انہوں نے اسپتالوں کا معائنہ کیا۔ اسپتال میں مرکزی وزیر صحت نے بتایا کہ نقص تغذیہ سے اس بیماری کو جوڑنا مناسب نہیں۔ اگر ایسا ہوتا تو دوسرے علاقے کے بچے بھی اس بیماری کی زد میں آجاتے۔ انہوں نے کہا کہ یہ بیماری الیکٹرولائٹ امبیلنس کی وجہ سے ہورہی ہے جس میں بچوں میں سوڈیم اور پوٹاشیم کی کمی ہوجاتی ہے۔ انہوں نے کہا کہ عوامی بیداری سے ہی اس بیماری پر قابو پایا جاسکتا ہے۔ اس کے لیے پرائیویٹ پریکٹس کرنے والے اور سرکاری ڈاکٹروں کو تربیت دینے اور بیدار کرنے کے لئے ریاستی حکومت سے درخواست کی گئی ہے۔ وہیں ایس کے ایم سی ایچ اسپتال میں معائنے کے دوران اسپتال میں بستروں کی کمی کا ذکر کرتے ہوئے اس کی تعداد 150 سے بڑھا کر 250 کرنے کا اعلان کیا۔ وہیں اسپتال میں 100 بستروں والے ایک پی آئی سی یو بنانے میں مرکزی حکومت کی طرف سے مدد کرنے کی بھی بات کہی۔ مرکزی وزیر صحت نے اپنے دورے کے دوران اسپتال کی عمارتوں کی از سر نو تعمیر کی ضرورت پر بھی زور دیا۔ ڈاکٹر ہرش وردھن کے ساتھ ریاست کے وزیر صحت رام دھنی سنگھ اور محکمہ صحت کے پرنسپل سکریٹری دیپک پردھان بھی موجود تھے۔ اس سے قبل صبح میں ڈاکٹر ہرش وردھن نے پٹنہ میں آل انڈیا انسٹی ٹیوٹ آف میڈیکل سائنسز (ایمس) کا معائنہ کیا۔ اس دوران انہوں نے کہا کہ ملک میں دلی ایمس کی طرز پر 6 ریاستوں میں ایمس شروع کرنے کا منصوبہ سابق وزیراعظم اٹل بہاری واجپئی نے بنایا تھا۔ ہم چاہتے ہیں کہ ان کے یوم پیدائش پر 25 دسمبر کو ایمس کا افتتاح وزیراعظم نریندر مودی کریں۔

(تفصیل صفحہ 9 پر)




مرکزی وزیر صحت ڈاکٹر ہرش وردھن سنیچر کو پھلواری شریف کے قریب ایمس کا معائنہ کرتے ہوئے

THE TIMES OF INDIA, PATNA
MONDAY, JUNE 23, 2014

# Slew of health research units vowed for Bihar

## Union Minister Says SKMCH Would Be Modernized

Banjot Kaur Bhatia | TNN

**Patna:** Even as the toll on account of Acute Encephalitis Syndrome (AES) has mounted, the Union and state health ministers, Dr Harsh Vardhan and Ramdhani Singh respectively, on Sunday said that research would be augmented to zero in on AES virus, and modernization of Sri Krishna Medical College and Hospital (SKMCH), Muzaffarpur would be taken up.

Addressing a joint presser here, Dr Harsh Vardhan said he would request the MCI to increase the number of MBBS seats in SKMCH to 250 and pitched for the college's remodelling with Centre's support. He reiterated some old announcements like opening of 100-bed paediatric ICU at SKMCH, a 10-bed ICU at district level, establishment of virology labs at Muzaffarpur, Gaya, Bhagalpur, Bettiah and Pawapuri, and intensification of vaccination drive in the AES-hit areas. Dr Vardhan said he has been told by doctors and parents of affected kids that they were not vaccinated against Japanese Encephalitis. Therefore, he said, the state must ensure that there is 100% vaccination.

Asked who was responsible for the death of kids, he said he has assumed the charge of ministry barely a month ago and could not talk much about anyone's role. The minister suggested a number of long-term measures, but no short-term ones to control the rising toll this year. He directed the state health department officials to at least have equipment for testing glucose level and electrolyte balance at the PHC level. "Most of the AES-affected kids have electrolyte imbalance," Dr Harsh Vardhan said.


Pramod Sharma

Union health minister Dr Harsh Vardhan (left), while addressing a press meet along with Bihar health minister Ramdhani Singh in Patna on Sunday, said he will request MCI to increase the number of MBBS seats in SKMCH to 250

The Union minister added he would be visiting Atlanta, US, on Monday night and take up the issue of AES on a priority basis with the experts of the prestigious Centre for Disease Control (CDC) there. He said the Union ministry will rope in experts from CDC to the National Centre for Disease Control, besides the experts from India. "I want to assure the mothers of Bihar that I will personally monitor research because it is extremely sad to see kids dying every year," said the minister in an emotional tone.

The minister said investment will also be made for research in kala-azar, measles and leprosy in the state. "A model rural health research unit for kala-azar will be opened in Muzaffarpur," he said while announcing a slew of measures for better healthcare. It may be mentioned here that Rajendra Memorial Research Institute (RMRI), Patna, is already doing research in kala-azar with central funds.

Regarding the AIIMS-Patna, he said he has requested Bihar CM Jitan Ram Manjhi to provide 100 more acres of land so that the institute can add superspeciality departments.

He also lauded the second-generation health reforms launched by the state government, but asked it to move beyond its goals to improve infant mortality rate, maternal mortality rate and other health indicators.

# 'Centre can't reverse MCI decision'

*If statement of Union health minister* **Dr Harsh Vardhan** *is anything to go by, the Bihar medical colleges, whose MBBS seats were curtailed following MCI's decision, may not get them back. The regulatory body of medical education has decided to cut 410 seats in six out of nine colleges of the state due to poor infrastructure. The minister said it is high time the state improved the condition of its medical colleges to keep MCI's axe at bay.* **Banjot Kaur Bhatia** *talks to the minister on issues pertaining to better medical facilities in the state and Centre's cooperation.* Excerpts:

**■ State health minister Ramdhani Singh wrote a letter to you to reverse the MCI decision of cutting the number of seats in various medical colleges of the state**

Writing a letter to me cannot be of much help because the ministry does not have power to reverse the decision of MCI. We can only request it to reconsider its decision. Rather, the state government should ensure better infrastructure at all its medical colleges so that it does not face MCI axe year after year.

**■ Bihar government says the state needs more than 20 medical colleges**

We would love to see more medical colleges in Bihar, but definitely not at the cost of quality.

**■ Health infrastructure at rural level is not adequate here. Considering its 90% population is rural, can Centre help the state augment its rural infrastructure as suggested by many public health experts?**

I agree there is acute lack of manpower and physical infrastructure, but the Centre cannot do much about it. We cannot give any package for health because many states have many such problems. I have suggested Bihar health department officials to optimally utilize available manpower. If you cannot increase their salaries, you can at least give them incentives

**■ Bihar does not have a functional trauma centre. Few MLAs have demanded linking of trauma centre at Bikram with AIIMS-Patna.**

*The* **interview**

I am looking into the demand. If required, the ministry will link it with AIIMS-Patna which would be in the interest of both the Centre and the people at large.

**■ Union budget is on the cards. Can we expect the GDP's share on health will increase from a woeful 1.3%, one of the lowest in the world?**

Well it is sad. We would like to see finance ministry increase expenditure on health, but nothing concrete can be said at this point of time. The states must also do their bit and increase health spends.

* THE TIMES OF INDIA, PATNA
MONDAY, JUNE 23, 2014

# 92% kids hit by AES not given vaccination

## Research Into AES-JE Link Planned: Minister

Priti Nath Jha | TNN



The Union health minister, Harsh Vardhan, remarked while in Kanti on Sunday that the intention of the government officers of the district was good but the facilities given by the government were not reaching the beneficiaries at the grassroots level here

**Muzaffarpur:** Union health minister Dr Harsh Vardhan on Sunday claimed at Kanti primary health centre (PHC) near here that 92% of the children affected by Acute Encephalitis Syndrome (AES), had not been administered Japanese Encephalitis (JE) vaccination.

Launching a two-day JE vaccination drive in Muzaffarpur district from Kanti, the Union minister remarked it was a subject of research whether AES is a form of Japanese Encephalitis or not.

The researchers must focus on establishing any link between AES and JE, he said. Nearly 96,400 children of the vulnerable age group would be given JE vaccination in the district till Monday.

Researchers from Pune and Delhi had already ruled out that the disease is JE even though some of the symptoms of the disease have similarity with JE.

On the other hand, the district immunization officer (DIO), Muzaffarpur, Dr Dineshwar Singh, claimed that the entire district had already been covered with JE vaccination in the district under a special drive last December. However, the Union health minister told the media at Kanti that 70% of the children in the vulnerable age group had not been covered under the routine JE vaccination in the country. It is a big challenge for all the state governments concerned to complete 100% vaccination to prevent JE in the country.

The Union health minister also visited the additional primary health centre located (APHC) at Shahbajpur village under Kanti block and talked to some doctors and nursing staff obviously to know their level of knowledge particularly about handling of AES cases and pregnancy.

While doing a round of the PHC at Kanti, he talked to the PHC in-charge Dr U C Khan to garner information about the availability of medicine at the centre.

Harsh Vardhan then remarked the intention of the government officers of the district was good but the facilities given by the government were not reaching the beneficiaries at the grass roots level.

He advised the administration to confirm whether their decisions or directives are being carried out properly or not.

Bihar health secretary Anand Kishore, principal secretary Dipak Kumar besides Muzaffarpur MLA Suresh Sharma and Aurai MLA Ram Surat Rai accompanied the Union minister to Kanti.

hindustantimes

# Harsh Vardhan launches JE vaccine programme

## HEALTHCARE Minister asks officials to motivate workers, nursing staff

Ajay Kumar
htpatna@hindustantimes.com

SHAHBAZPUR (MUZAFFARPUR): Residents of this 'off the way' mahadalit village, some 10 kms west of the district headquarters were surprised to see a man clad in a bush shirt and pants climb down from a vehicle to introduce himself as the Union health minister of India on Sunday.

But Dr Harsha Vardhan had no airs, as he mixed freely, introducing himself as a 'doctor' and asking them what had gone wrong.

He talked to villagers, aanganwadi staff, sevikas and sahayikas, explaining to them the need to ensure immunisation, cleanliness and why people should be approached for the state's health mission to be successful. He convinced.

Dr Harsh Vardhan, who was here to start a two-day special JE vaccination campaign, especially wanted to know from the aanganwadi workers and auxiliary nurses and mid-wives (ANMs ), how they managed would-be mothers like a true clinician before inspecting the infrastructural facilities at the primary health centre (PHC) at Kanti.

He volunteered to administer the vaccine for JE to the children himself before launching the two day special JE vaccination campaign.

The minister, however, complimented state government health officials, saying, "Their intention is good, but they need to monitor the ongoing plans properly".

"I believe, officials are working sincerely, but there is the need to monitor the programmes more carefully so that the goals are achieved," he noted.

He, however, expressed his concern over the tardy pace of the regular vaccination programme saying, "Hardly 70% of the target of vaccination programme has been achieved so far. We are trying our best to take this figure to cent percent. For this purpose, I would be meeting health officials from states to chart a plan to meet the objectives", Dr Harsh Vardhan said.

He also stressed on the need to strengthen the condition PHCs, saying:"PHCs are the first health centre to which people from remote areas reach for treatment. If this centre is better equipped, more lives can be saved".

He asked the senior health officials to make a plan to motivate workers and nursing staff deployed in the remote areas.



Union health minister Dr Harsh Vardhan at a Kanti hospital in Muzaffarpur on Sunday. KUMAR UTTAM/HT PHOTO

HINDUSTAN TIMES, PATNA
MONDAY, JUNE 23, 2014

# It's a mystery disease, says Dr Vardhan; assures all help

**Binod Dubey**
htpatna@hindustantimes.com

**PATNA:** Union minister for health and family welfare Dr Harsh Vardhan on Sunday accepted that the disease now sweeping north Bihar, especially Muzaffarpur, was a 'mystery disease', the cause and etiology of which is 'unknown'.

"It is beyond scientific and beyond medical control," the minister candidly accepted, adding, " I have come to the conclusion that it cannot be said with 100% surety this is even the acute encephalitis syndrome (AES), or Japanese encephalitis, that doctors suspect."

Over 140 children, mainly in the age group of 3 to 14, have died of the disease, which manifests itself in severe fever, partial paralysis, body aches and vomiting, nausea and ultimately death.

Dr Vardhan said, "I can only say that the treatment has to be largely symptomatic in this case when the scientific reasons remain unknown."

> A COORDINATED AND PLANNED SCIENTIFIC RESEARCH IS NEEDED TO UNRAVEL THE MYSTERY. WE ARE GOING TO SET UP TWO MULTI-DISCIPLINARY RESEARCH UNITS – ONE EACH AT MUZAFFARPUR AND DARBHANGA – TO STUDY THE DISEASE.
> DR HARSH VARDHAN, Union health minister



Union minister for health and family welfare Dr Harsh Vardhan at a PHC in Muzaffarpur on Sunday. BADAL KUMAR / HT PHOTO

**moreinside**

» AIIMS-P to be expanded » 'Onus on Bihar for lost MBBS seats' »p2

**CONTINUED ON PAGE 7**
**» SEE ALSO PAGE 4**

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

पटना का नं.1 अखबार



' सब कुछ करेंगे' 12 पटना, 23 जून 2014 अमेरिका से लौटी जिंटा, एक-दो दिन में बयान 15

बिहार • झारखंड • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखण्ड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

## देसी-विदेशी विशेषज्ञों की मदद लेगी सरकार

### अज्ञात बीमारी से बच्चों की जान बचाना प्राथमिकता : डॉ. हर्षबर्धन

राज्य ब्यूरो, पटना : केंद्र सरकार मुजफ्फरपुर व आसपास के जिलों में बच्चों की अकाल मौत के लिए जिम्मेदार बीमारी के कारणों की पड़ताल व इससे पीड़ित बच्चों की जान बचाने के लिए देसी-विदेशी विशेषज्ञों व एजेंसियों की मदद लेगी। इस संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धन 26 जून को सेंटर फार डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (अटलांटा) के विशेषज्ञों के साथ खुद विमर्श करेंगे। मुजफ्फरपुर का दौरा कर लौटने के बाद डा. हर्षवर्धन ने यहां पत्रकारों से बातचीत में इन्सेफ्लाइटिस पर नियंत्रण के लिए उठाए जा रहे कदमों की चर्चा की।

डा. हर्षवर्धन ने बताया कि उत्तरप्रदेश और बिहार के कुछ जिलों में फैलने वाली बीमारी के कारणों के बारे में ठोस रूप से अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। इसके लक्षण जरूर इन्सेफ्लाइटिस से मिलते-जुलते हैं। हालांकि बीमारी से मरने वाले नब्बे प्रतिशत से ज्यादा बच्चे वे थे जिन्हें बचाव का टीका नहीं दिया गया था। कहा, बीमारी के कारणों पर शोध के लिए केंद्र सरकार मुजफ्फरपुर और भागलपुर में विशिष्ट शोध केंद्र स्थापित करेगी। इसमें देश-विदेश की तमाम एजेंसियों से लेकर विशेषज्ञों की मदद ली जाएगी। उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर शोध कार्यों की निगरानी करने की बात भी कही। ■ शेष पृष्ठ 15 पर

- टीके से वंचित बच्चे ही हुए इन्सेफ्लाइटिस के सबसे ज्यादा शिकार
- प्रत्येक व्यक्ति जब 'स्वास्थ्य सैनिक' बनेगा तभी सुधरेगी स्थिति
- केन्द्र से किसी तरह की मदद नहीं मांगी राज्य सरकार ने



**स्वास्थ्य मंत्री की घोषणाएं**

- मुजफ्फरपुर व भागलपुर में इन्सेफ्लाइटिस पर विशिष्ट शोध केंद्र
- आसपास के जिलों में दस-दस बिस्तरों वाला चाइल्ड आइसीयू
- मुजफ्फरपुर मेडिकल कॉलेज में बढ़ेंगी सौ सीटें, पांच जिलों में वाइरोलाजी टेस्टिंग लैब

बच्चों की मौत के बाद भी राज्य सरकार ने केंद्र से मदद नहीं मांगी थी, मगर उसका इंतजार किए बिना यहां आने का फैसला किया।

### पटना एम्स को सौ एकड़ अतिरिक्त जमीन मांगी

डा. हर्षवर्धन ने पटना एम्स के विस्तार के लिए सौ एकड़ अतिरिक्त जमीन की आवश्यकता जताई है। इस जमीन पर स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी अतिरिक्त सेवाएं मुहैया करायी जाएंगी। डा. हर्षवर्धन ने कहा कि केंद्र सरकार की कोशिश है कि पटना एम्स पूरी दुनिया में विशिष्ट अस्पताल के रूप में पहचाना जाए। इसे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन (25 दिसम्बर) के पूर्व तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रयास होगा कि पीएम नरेंद्र मोदी, अटल जी के जन्मदिन के मौके पर उनके इस सपने (पटना एम्स) को लोगों को समर्पित करें।

# ऐसे नहीं दिया जाता टीका

## तिरहुत प्रमंडल

- टीकाकरण के तरीके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने की आपत्ति



अपनी देखरेख में टीका लगवाते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन जागरण

जासं, मुजफ्फरपुर : यह शायद पहला मौका होगा जब किसी एएनएम को ऐसे स्वास्थ्य मंत्री से दो-चार होना पड़ा हो। एक-एक चीज पर पैनी नजर। आखिर गड़बड़ी पकड़ में आ ही गई। कांटी के सहबाजपुर महादलित टोले के आंगनबाड़ी केंद्र में जेई टीकाकरण के विशेष अभियान की शुरुआत के दौरान बच्चों को टीका देने के तरीके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने आपत्ति जताई। उक्त केंद्र पर राजनंदनी व रागिनी को एएनएम ने सीधे मांसपेशी में टीका दिया। इसपर डॉ. हर्षवर्धन ने बताया कि टीका को 45 डिग्री का कोण बनाकर दिया जाना चाहिए था। ताकि, यह स्किन व मांसपेशी के बीच में पड़ता।

केंद्रीय मंत्री की इस आपत्ति के बाद जिले के टीकाकरण अभियान की सफलता पर सवाल उठ गया है। क्योंकि टीका देने के तरीके पर इसका असर निर्भर करता है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. दिनेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि टीकाकरण को लेकर सभी एएनएम को प्रशिक्षित किया गया है। उक्त केंद्र पर भी एएनएम ने सही तरीके से टीका देने की कोशिश की। मगर, संभव है हड़बड़ाहट में उसका हाथ सीधा हो गया हो।

**सत्तर फीसद बच्चे ही प्रतिरक्षित :** जिस बीमारी का टीका उपलब्ध हो गया, बच्चों में वह बीमारी होना सरकार व चिकित्सा जगत के लिए धब्बा है। इसलिए सौ फीसद बच्चों का टीकाकरण होना चाहिए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने जेई टीकाकरण के विशेष अभियान की शुरुआत करने के दौरान कहा कि राज्य में 70 फीसद बच्चे ही प्रतिरक्षित हैं। इसे सौ फीसद किए जाने की जरूरत है। अगर, नियमित टीकाकरण में ही सभी बच्चों को प्रतिरक्षित कर दिया जाए तो विशेष अभियान की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**अधिकारी अच्छे, आधारभूत संरचना की कमी :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि राज्य के अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों में अभी आधारभूत संरचनाओं व संसाधनों को काफी विकसित करने की जरूरत है। एईएस ही नहीं बल्कि अन्य बीमारियों से बचाव व उसके इलाज के लिए संसाधन विकसित करने होंगे। हालांकि, संसाधनों की कमी के बावजूद एईएस पीड़ित बच्चों के बचाने के बेहतर प्रयास के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की पीठ थपथपाई। हालांकि, चिकित्सा पदाधिकारियों को उन्होंने वर्ष भर 24 घंटे इसकी मॉनीटरिंग की सलाह दी।

**चार बीमारी से मुक्त होगा देश : स्वास्थ्य सचिव :** स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि कालाजार, फाइलेरिया, मिजिल्स व लेप्रोसी जैसी बीमारियों को जड़ से समाप्त किया जाएगा। कालाजार से सबसे अधिक प्रभावित बिहार है। देशभर के कुल पीड़ितों में से 80 फीसद मरीज यहां के होते हैं। वर्ष 2015 तक इससे मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। बिहार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। फाइलेरिया से बिहार व उत्तर प्रदेश ज्यादा प्रभावित हैं। जबकि लेप्रोसी पूरे देश के कुछ पॉकिटों में ही बच गया है। इसे समाप्त करने में स्वास्थ्य मंत्रालय जुट गया है।

## एईएस से और छह बच्चों की मौत, नौ भर्ती

- 167 बच्चों की अबतक हो चुकी है मौत
- 50 मरीज का इलाज

संस, मुजफ्फरपुर : एईएस से मौत का सिलसिला जारी है। रविवार को 6 और बच्चों की मौत हुई और 9 नए मरीज भर्ती किए गए। 4 मरीज एसकेएमसीएच में व 5 मरीज केजरीवाल अस्पताल में भर्ती किए गए हैं। वहीं 50 मरीजों का इलाज चल रहा है। जिसमें एसकेएमसीएच में 39 व केजरीवाल में 11 मरीज भर्ती है। इसके साथ ही अब तक इससे मरने वाले बच्चों की संख्या 167 पहुंच गई है।

पटना • सोमवार • 23 जून 2014 हिन्दुस्तान

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्द्धन ने कहा- मुजफ्फरपुर और भागलपुर में बनेगा इंसेफलाइटिस शोध केंद्र

# बिहार के दस जिलों के प्रमुख अस्पतालों में बनेंगे आईसीयू

पटना/मुजफ्फरपुर | हिन्दुस्तान टीम

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन ने कहा कि बिहार के दस जिलों के प्रमुख अस्पतालों में दस-दस बेड का आईसीयू शुरू किया जाएगा। इसमें केंद्र सरकार सहायता करेगी। जिन जिलों में आईसीयू खुलेंगे वे मुजफ्फरपुर के आसपास के होंगे। इंसेफलाइटिस को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

मुजफ्फरपुर में इंसेफलाइटिस से प्रभावित बच्चों और उनके परिजनों से मिलकर लौटे डॉ. हर्षवर्द्धन ने रविवार को कहा कि वहां मेरी आंखें भर आईं। मेरे लिए वह दौरा भावुकता से परेशान होने वाला रहा। देश में अब तक इस बीमारी को लेकर गंभीर प्रयास नहीं हुए हैं। आने वाले समय में केंद्र सरकार इस बीमारी के कारण और निवारण पर काम करेगी। इसके लिए मुजफ्फरपुर और भागलपुर में डेडिकेटेड रिसर्च सेंटर शुरू किए जाएंगे। केंद्र की तरफ से टीम बनाकर इस दिशा में काम होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन, अटलांटा और यूनिसेफ का भी इसमें सहयोग लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त बिहार में कालाजार रिसर्च सेंटर भी स्थापित किए जाएंगे।

दिल्ली रवाना होने के पूर्व पटना में संवाददाताओं से बातचीत में डॉ. हर्षवर्द्धन ने कहा कि इंसेफलाइटिस से जूझने के लिए संगठित प्रयास और समन्वय की जरूरत है। मुजफ्फरपुर और उत्तर बिहार के जिलों में इसका प्रसार अधिक देखते हुए उन्होंने यह तय किया है कि एसकेएमसीएच को एक सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल के रूप में अपग्रेड किया जाएगा। कॉलेज का भवन भी काफी पुराना है। इसे नए सिरे से बनाए जाने को लेकर भी केंद्र सरकार सहयोग करेगी।

## कांटी से इंसेफलाइटिस टीकाकरण अभियान की हुई शुरुआत



मुजफ्फरपुर के कांटी पीएचसी में रविवार को बच्चे को टीका लगवाकर टीकाकरण अभियान की शुरुआत करते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन।

- एमसीआई से अनुरोध करेंगे कि एसकेएमसीएच में एमबीबीएस में 100 सीटों को बढ़ा 250 किया जाए
- पांच जगहों गया, भागलपुर, बेतिया, पावापुरी और नालंदा में वायरोलाजी जांच के लिए नमूने संग्रह को केंद्र स्थापित किए जाएंगे

### इंसेफलाइटिस से मरे 92% बच्चों का नहीं हुआ था टीकाकरण

मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच व केजरीवाल अस्पताल में जिन बच्चों की इंसेफलाइटिस से मौत हुई है, उनमें से 92 फीसदी को जेपनीज इंसेफलाइटिस (जेई) का टीका नहीं लगाया गया था। रविवार को कांटी के सहबाजपुर आंगनबाड़ी केन्द्र व कांटी पीएचसी में जेई टीकाकरण अभियान की शुरुआत करते हुए डॉ. हर्षवर्धन ने बताया कि उन्होंने दोनों अस्पतालों के डॉक्टरों से अब तक इंसेफलाइटिस से मृत बच्चों के संबंध में जानकारी ली है। उन्होंने चिंता जताई कि देश में अब तक 70% बच्चों का ही टीकाकरण हो सका है।

### अटलांटा जाएंगे

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इंसेफलाइटिस से जंग में राज्य सरकार ने अब तक कोई मदद नहीं मांगी है, लेकिन वे केन्द्र की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दे रहे हैं। केन्द्र सरकार इस बीमारी की रोकथाम के लिए कार्ययोजना बनाएगी। एक डॉक्टर की हैसियत से वे स्वयं अटलांटा जाएंगे और इस बीमारी की जांच की पहल करेंगे।

● सात और बच्चों की मौत : पेज-15

हिन्दुस्तान पटना • सोमवार • 23 जून 2014



भाजपा कार्यालय में रविवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ.हर्षवर्द्धन का स्वागत करते पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी। • हिन्दुस्तान

## एम्स में नई नियुक्तियों के लिए इंटरव्यू शुरू

पटना। एम्स पटना में फिर से भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। रविवार को बीएससी नर्सिंग कोर्स के दस सीटों के लिए ट्यूटर और आठ विभागों में सीनियर रेजीडेंट पद के लिए साक्षात्कार हुआ। लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता लागू होने से पटना एम्स में नई भर्ती स्थगित कर दी गई थी। एम्स निदेशक डॉ. गिरीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में साक्षात्कार बोर्ड ने आवेदकों के कागजातों की छानबीन के बाद इंटरव्यू लिया। जल्द ही दूसरे विभागों में शिक्षकों का इंटरव्यू होना है। एम्स में लगभग चार हजार पद सृजित हैं जिसमें अभी लगभग ढाई हजार पर नियुक्तियां होनी हैं।

## बिक्रम का ट्रॉमा सेंटर शुरू कराने की मांग

पटना। भाजपा विधायक अनिल कुमार ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन को पत्र लिखकर बिक्रम के हाईवे ट्रॉमा सेंटर को जल्द शुरू कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सीपी ठाकुर के प्रयास से बिहार का यह पहला सेंटर बनना शुरू हुआ था। भवन बनकर तैयार। कई आधुनिक मशीनें भी खराब हो रही हैं। लेकिन अब तक इसे चालू नहीं किया गया। श्री कुमार ने अपने क्षेत्र नौबतपुर और बिक्रम प्रखंडों के गांवों में चापाकल लगाने की मांग करते हुए कहा है कि डाक्टरों के अनुसार दूषित पानी से क्षेत्र में मस्तिष्क ज्वर फैल रहा है।

## भाजपा दफ्तर में केंद्रीय मंत्री स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत

पटना। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन रविवार को भाजपा दफ्तर पहुंचे। पार्टी कार्यालय में उनका पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने स्वागत किया। भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी, नेता प्रतिपक्ष नंदकिशोर यादव भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मंगल पांडेय के अतिरिक्त पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी इस मौके पर मौजूद थे। डॉ. हर्षवर्द्धन ने इस मौके पर पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया। उन्होंने इस क्रम में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के लक्ष्यों पर भी चर्चा की।

# दोष मढ़ने की राजनीति से दूर रहे डॉ. हर्षवर्द्धन

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

- कहा-इंसेफलाइटिस से बच्चों की मौत को कोई एक जिम्मेवार नहीं
- जरूरत इस बात की है कि माताओं को इस बारे में शिक्षित किया जाये

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने तीन दिनों की अपनी बिहार यात्रा के क्रम में मुजफ्फरपुर में इंसेफलाइटिस से हुई बच्चों की मौत पर दोष मढ़ने की राजनीति से अपने को अलग रखा। मौत को ले जवाबदेही के संदर्भ में उनसे तीनों दिन प्रश्न किए गए।

उन्होंने कहा कि इसके लिए कोई एक जिम्मेवार नहीं है। यह सभी की जवाबदेही है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि प्रभावित इलाके की माताओं को इस बारे में शिक्षित करने की जरूरत है। लक्षण के बारे में उन्हें बताया जाए। जैसे ही लक्षण समझ में आए वैसे बच्चों को अस्पताल लाया जाए। यह भी आवश्यक है कि अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था बेहतर हो। कहा कि एक डॉक्टर के नाते वह इस बीमारी को चालीस वर्षों से जानते हैं। एसकेएमसीएच और केजरीवाल हॉस्पिटल में उन्होंने देखा कि प्रभावित बच्चों में 92 फीसदी ऐसे हैं जिन्हें किसी तरह के इंसेफलाइटिस का टीका नहीं लगा था। सौ फीसदी टीकाकरण को अभियान शुरू किया गया है। इलेक्ट्रोलाइट इंबैलेंस यानी शुगर व सोडियम लेबल के कम अधिक होने की शिकायतें आई हैं। इस पर होने वाले शोध को वह व्यक्तिगत रूप से मॉनिटर करेंगे।

### पटना एम्स को 100 एकड़ और जमीन मिले

डॉ. हर्षवर्द्धन ने कहा कि सरकार फाइलेरिया, मिजल्स, लेप्रोसी और कालाजार को जड़ से समाप्त करना चाहती है। पटना एम्स की चर्चा करते हुए कहा कि अगर यहां 50 से 100 एकड़ जमीन और मिल जाती है तो यहां कई नए केंद्र शुरू किए जा सकते हैं। इस बारे में उन्होंने सीएम जीतन राम मांझी से बात की है।

भारत का सबसे बड़ा समाचार पत्र समूह

# दैनिक भास्कर

बिहार

.com पटना सोमवार, 23 जून, 2014 आषाढ़ कृष्ण पक्ष-11, 2071


16 फेसबुक पर मोदी की मां के अपहरण की पोस्ट




# इंसेफ्लाइटिस के खात्मे को बिहार में खुलेगा रिसर्च सेंटर

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का एलान :** कालाजार के उन्मूलन के लिए भी होगा शोध, इंसेफ्लाइटिस पीड़ित 92% बच्चों का नहीं हुआ था टीकाकरण

- इंसेफ्लाइटिस से फिर नौ बच्चों की मौत, 11 नए मरीज भर्ती

भास्कर न्यूज़ | पटना/मुजफ्फरपुर

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन ने कहा कि राज्य में इंसेफ्लाइटिस के साथ कालाजार के उन्मूलन के लिए रिसर्च सेन्टर खुलेंगे। सरकार आने वाले वर्षों में देश से खसरा, फाइलेरिया, कुष्ठ और कालाजार का उन्मूलन कर देगी। इसके लिए देश के हर बच्चे का शत-प्रतिशत टीकाकरण की योजना है। डॉ. हर्षवर्द्धन तीन दिवसीय बिहार दौरे के बाद रविवार को यहां संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर और दरभंगा में बहुविषयी शोध केन्द्र खुलेंगे जिसमें कई क्षेत्रों के विशेषज्ञ एक साथ काम करेंगे। वहीं गया, भागलपुर, बेतिया, पावापुरी और नालंदा में वायरोलॉजी लैब स्थापित किये जाएंगे।

उधर, मुजफ्फरपुर में इंसेफ्लाइटिस से रविवार को फिर नौ बच्चों की मौत हो गई। 11 नए बच्चे भर्ती हुए। एसकेएमसीएच में छह बच्चों की मौत हो गई व दो ने केजरीवाल अस्पताल में दम तोड़ दिया। एक बच्चे की मौत मोतीपुर पीएचसी में हुई। शेष पेज | 10 पर

...जागरूकता की पाठशाला- पेज 11

## बिहार में खुल सकता है एक और एम्स



पटना में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन। साथ में हैं बिहार के स्वास्थ्य मंत्री रामधनी सिंह।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धन ने कहा कि वे बिहार में एक और एम्स खोलने की कोशिश करेंगे। बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को उन्होंने यह भरोसा दिया। बीआई अध्यक्ष अरुण अग्रवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने डा. हर्षवर्धन को बिहार में स्वास्थ्य संबंधी उद्योगों की संभावनाओं के बारे में बताया।

## पटना एम्स का विस्तार और 100 एकड़ में होगा

हर्षवर्द्धन ने कहा कि पटना एम्स का विस्तार और 100 एकड़ में होगा। मुख्यमंत्री मांझी ने अतिरिक्त जमीन देने का आश्वासन दिया है। यहां विश्वस्तरीय सुविधाएं होंगी। इस संस्थान में 'स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ' और 'डिपार्टमेंट ऑफ एन्वायरमेंटल हेल्थ ऑक्युपेशनल मेडिसिन' खोलने का निर्देश दिया गया है। यहां आयुष विधा से भी इलाज होगा।

## सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सीटें कम करना गलत, एमसीआई से बात करूंगा

डॉ. हर्षवर्द्धन ने कहा कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सीटें कम करना उचित नहीं है। इस बाबत एमसीआई से बात करूंगा। पर राज्य सरकार से भी आग्रह है कि वे मेडिकल कॉलेजों में मानक पूरी करने में कोताही न करें। एमसीआई के कार्यों की पड़ताल हो रही है। उसके कार्यों को लेकर कई तरह की बातें हो रही हैं।

## निजी प्रैक्टिस पर फैसला राज्य सरकार करे

उन्होंने कहा कि निजी प्रैक्टिस पर रोक लगायी जाए या नहीं, यह तय करने का अधिकार राज्य सरकार को हैं। इसमें केन्द्र सरकार कोई निर्देश नहीं दे सकती है। इंसेफ्लाइटिस से बच्चों की मौत के एक कारण में डॉक्टरों का सरकारी अस्पताल में नहीं रहना भी है। वैसे बच्चों की मौत के लिए परिजनों से लेकर स्वास्थ्य प्रबंधन और बीमारी के बारे में फैली कई तरह की भ्रांतियां शामिल हैं।

दैनिक भास्कर, पटना
सोमवार, 23 जून, 2014

# मौत के आंगन में जागरूकता की पाठशाला

**बचाव की जरूरत** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कांटी पीएचसी में टीकाकरण अभियान की शुरूआत की, पीड़ितों का जाना हाल

धनंजय मिश्र | मुजफ्फरपुर

आंगनबाड़ी सेविका मंजू देवी को यह दिन हमेशा याद रहेगा। वह आज से अन्य सेविकाओं को भी जागरूकता का पाठ पढ़ाएगी। कांटी वार्ड-7 की बहुरूपा देवी मंत्री जी को देखने आई है। उसे जानकारी नहीं है कि अस्पताल में क्या हो रहा है। यहां रेखा देवी, सुभद्रा देवी, भूपी राम और उन जैसे सैकड़ों लोग हैं। लीची के शहर में रविवार को जागरूकता अभियान की शुरूआत का पाठशाला लगी थी।

18 वर्षों से महामारी का रूप धारण कर चुकी इंसेफ्लाइटिस की रोकथाम के लिए जागृति फैलाने डॉ. हर्षवर्धन आए थे। अस्सी साल की मरछीया देवी भी तजुर्बे लिए आई थी। उन्हें मंत्री जी का सबक बहुत काम का लगा। उन्होंने कहा- सबके दिमाग में इ बात बइठ जाई त अगिला साल से ई बीमारी न होई। बीमारी का टीका लेके, अपना बच्चा के बचावे के काम हई। सातवीं में पढ़नेवाला बिहारी अब आस-पड़ोस के बच्चों को धूप में नहीं निकलने और साफ-सफाई करने की सीख देगा। वार्ड-10, के योगेन्द्र साह, वार्ड-7 की उमा देवी और ऐसे कई महिला-पुरुष इस सबक से रोमांचित दिखे। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री के अलावा छह विधायक और कई अधिकारी थे।



मुजफ्फरपुर के कांटी पीएचसी में वैक्सिनेशन की शुरुआत करते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन।

## जागृति का अभाव

रविवार को कांटी पीएचसी में डा. हर्षवर्धन ने शतप्रतिशत बच्चों को टीका दिए जाने का लक्ष्य रखा और कहा कि जागृति नहीं होने से अब तक इस बीमारी पर काबू नहीं पाया जा सका है। उन्होंने कहा कि यह तो प्रारंभिक शुरूआत है। 365 दिन और 24 घंटे काम करके ही आम लोगों की लाइफ स्टाइल में बदलाव लाया जा सकता है। इसके लिए हर आदमी को प्रेरित करना होगा और जागरूकता के लिए महाअभियान चलाना होगा।

## हर्षवर्धन का पार्टी दफ्तर में स्वागत

पटना | केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन का प्रदेश भाजपा दफ्तर में स्वागत किया गया। इस मौके पर वे पार्टी कार्यकर्ताओं से भी रूबरू हुए। आयोजित समारोह में पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, विधानसभा में विपक्ष के नेता नंदकिशोर यादव, प्रदेश अध्यक्ष मंगल पांडेय भी मौजूद थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं व नेताओं को पार्टी हित में काम करने की सलाह दी।

प्रभात खबर
पटना, सोमवार, 23 जून, 2014
www.prabhatkhabar.com

**एइएस से मौत.** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का नया खुलासा

# मरनेवाले 92% बच्चों को नहीं लगा था टीका

**मुजफ्फरपुर में इस साल एइएस से 155 बच्चों की मौत हो चुकी है. अब तक इस बीमारी के कारणों का पता नहीं चल सका है. मुजफ्फरपुर के दौरे के बाद रविवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने यह कहते हुए मामले को नया मोड़ दिया है कि जिन बच्चों की मौत हुई है, उनमें से 92 फीसदी को जेइ का टीका नहीं दिया गया था. उधर जवाब में राज्य सरकार ने कहा कि पिछले साल जेइ का टीकाकरण अभियान चलाया गया था व कोई बच्चा नहीं छूटा था.**

**संवाददाता, पटना/मुजफ्फरपुर**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने रविवार को एक्यूट इंसेफलाइटिस सिंड्रोम (एइएस) से बच्चों की हो रही मौत के संबंध में नया खुलासा किया. उन्होंने कहा कि मरनेवाले बच्चों में 92 प्रतिशत को जैपनीज इंसेफ्लाइटिस (जेइ) का टीका नहीं लगा था. टीकाकरण नहीं होनेवाले क्षेत्र के बच्चे ही इस बीमारी से अधिक पीड़ित हुए हैं.

मुजफ्फरपुर में स्थिति का जायजा लेने के बाद पटना लौटे डॉ हर्षवर्धन ने यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि हम मरनेवाले बच्चों की जांच रिपोर्ट के आधार पर इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं. इसलिए जरूरी है कि लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जाये. 22 व 23 को जेइ टीकाकरण का अभियान शुरू किया गया है. मुजफ्फरपुर या शेष पेज 15 पर

**एसकेएमसीएच में बढ़ेंगी एमबीबीएस की 100 सीटें -15**

## टीकाकरण को लेकर विवाद



कांटी पीएचसी में रविवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने प्रियांशु कुमार को टीका लगवा कर जेइ टीकाकरण का विशेष अभियान शुरू किया. यह अभियान सोमवार तक चलेगा. इसमें पहले छुटे बच्चों को टीका लगाया जायेगा.

### छह और बच्चों की मौत

**मुजफ्फरपुर.** रविवार को एसकेएमसीएच में एइएस से छह बच्चों की मौत हो गयी, जबकि सात नये मरीज भरती हुए. वहीं, केजरीवाल हॉस्पिटल में चार नये मरीज भरती किये गये. अब तक 155 बच्चों की मौत हो चुकी है.

### जेइ टीकाकरण

- पिछले साल अप्रैल में चला था टीकारण अभियान.
- वैसे जिलों में 1-15 वर्ष के वर्ष के बच्चों को दिया गया था टीका, जहां जेइ पॉजीटिव पाया गया था.
- इस बार नहीं मिला जेइ पॉजीटिव

## ...इधर राज्य सरकार ने कहा

## टीकाकरण से नहीं छूटा कोई बच्चा

**पटना.** स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव दीपक कुमार ने कहा कि जेइ का टीकाकरण अभियान पिछले साल अप्रैल में चलाया गया था. यह अभियान काफी जोर-शोर से राज्य के वैसे जिलों में चलाया गया, जहां से जेइ पॉजिटिव या इंसेफलाइटिस से अधिक मामला मिला था. इसमें 1-15 साल के हर बच्चे को दवा दी गयी है. किसी भी बच्चे का छूटने का सवाल नहीं है. अगर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने ऐसी बात कही है, तो यह उनका अपना सर्वे है. हमलोग बच्चों के टीकाकरण के लिए दोबारा 22 व 23 जून को कैचअप राउंड चला रहे हैं. उन्होंने बताया कि वह संपूर्ण टीकाकरण की बात नहीं कर रहे हैं. वह जेइ टीकाकरण की बात कर रहे हैं, जो पिछले दिनों बच्चों को दिया गया और उसमें से 92 प्रतिशत बच्चे टीकाकरण अभियान से छूट गये हैं. यह बिहार, यूपी सहित उन राज्यों में शेष पेज 15 पर

पटना, सोमवार, 23 जून, 2014
www.prabhatkhabar.com

# एसकेएमसीएच में बढ़ेंगी एमबीबीएस की 100 सीटें : मंत्री

**पटना.** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने कहा कि एसकेएमसीएच, मुजफ्फरपुर में एमबीबीएस की सीटें 150 से 250 करने के लिए एमसीआइ को प्रस्ताव भेजा जायेगा. एसकेएमसीएच में जाने के बाद ऐसा लगा कि यहां मेडिकल छात्रों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है. इसके लिए मेडिकल कॉलेज के भवन को थोड़ा विस्तार कर और बेहतर बनाने की जरूरत है, जहां सुपर स्पेशियलिटी की पढ़ाई व इलाज हो सके.

- एसकेएमसीएच में एमबीबीएस की सीटें 150 से 250 सीट करने का प्रस्ताव एमसीआइ को भेजेंगे

उन्होंने कहा कि एमसीआइ को हमने कहा है कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों की सीटों को घटना सही नहीं हैं, लेकिन एमसीआइ के मापदंड में भी सभी मेडिकल कॉलेजों को आना चाहिए, वरना बेहतर डॉक्टर नहीं निकल पायेंगे.

**एसकेएमसीएच में 100 बेडों का शिशु आइसीयू :** एसकेएमसीएच के शिशु विभाग में 100 बेडों का शिशु आइसीयू बनाया जायेगा. इसके साथ ही आस-पास के सरकारी अस्पतालों में 10 बेडों का आइसीयू भी तैयार किया जायेगा. इस व्यवस्था के बाद ऐसी बीमारियों की चपेट में आनेवाले बच्चों को तुरंत बेहतर चिकित्सा उपलब्ध हो पायेगी.

**इन जगहों पर बनाये जायेंगे वायरोलॉजिकल लैब :** भागलपुर, बेतिया, पावापुरी और नालंदा में वायरोलॉजिकल जांच लैब स्थापित किया जायेगा. मुजफ्फरपुर व दरभंगा में विभिन्न तरह के वायरल पर शोध के लिए एक इकाई की स्थापना की जायेगी. वहीं, मुजफ्फरपुर जिले में कालाजार से संबंधित मॉडल स्वास्थ्य शोध इकाई बनेगी.

**एनपीए लेकर निजी प्रैक्टिस करना गुनाह :** उन्होंने कहा, चिकित्सक को एनपीए नहीं मिलता है,तो वह निजी प्रैक्टिस कर सकते हैं. लेकिन जिनको मिलता है, यदि वह निजी प्रैक्टिस करते हैं, तो वह गुनाह हैं. इसके लिए राज्य सरकार को खुद कड़े कदम उठाने की जरूरत है.

**एम्स, पटना को मिलेगा और 100 एकड़ जमीन :** डॉ हर्षवर्धन ने कहा कि एम्स, पटना दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित सेंटर बने, इसके लिए वहां की कमियों को दूर कर 25 दिसंबर तक काम पूरा करने का निर्देश दिया है. एम्स का दायरा बढ़े, इसके लिए 50 से 100 एकड़ और जमीन की जरूरत पड़ेगी और इसके लिए मुख्यमंत्री से बात भी हुई है.



भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते डॉ हर्षवर्धन.

# दिल्ली में नहीं बनायेंगे सरकार : डॉ हर्षवर्धन

**पटना.** दिल्ली में भाजपा सरकार नहीं बनायेगी. पार्टी के पास संख्या बल नहीं है. ये बातें रविवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में कहीं. उन्होंने कहा कि हम 28 दिसंबर, 2013 को ही स्पष्ट कर चुके हैं कि दिल्ली में भाजपा सरकार नहीं बनायेगी. उन्होंने भाजपा मुख्यालय में पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं से मुलाकात की. प्रदेश अध्यक्ष मंगल पांडेय, पार्टी विधानमंडल दल के नेता सुशील मोदी, विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता नंद किशोर यादव सहित कई नेताओं ने स्वागत स्वागत किया. उन्होंने आश्वस्त किया कि बिहार में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं बहाल कराने में केंद्र सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी.

राष्ट्रीय सहारा

पटना। सोमवार • 23 जून • 2014

# प्रभावित इलाकों में होगा 100 फीसद टीकाकरण

पटना/कांटी (एसएनबी)। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन ने कहा कि मुजफ्फरपुर व इसके आसपास के बच्चों को बचाने के लिए प्रभावित इलाकों में 100 फीसदी बच्चों को एक्यूट इंसेफ्लाइटिस सिंड्रोम (एईएस) सहित अन्य सभी टीके दिलाये जाएंगे। ऐसा इसलिए कि सभी अनुसंधान के बाद बीमारी का जो कॉमन कारण आया है उसके अनुसार मृत बच्चों में से 92 प्रतिशत से ज्यादा बच्चों को एईएस सहित अन्य टीका भी नहीं पड़ा था।



- मृत बच्चों में से 92 फीसद से ज्यादा को नहीं पड़ा एईएस समेत कोई भी टीकाः डॉ. हर्षवर्द्धन
- गया, नालंदा, पावापुरी समेत पांच जिलों में खोली जाएगी विषाणुजन्य जांच प्रयोगशाला

डॉ. हर्षवर्द्धन रविवार को पटना में संवाददाताओं से बात कर रहे थे। इससे पहले मुजफ्फरपुर दौरे पर आये केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने प्रवास के दूसरे दिन रविवार को कांटी पीएचसी का निरीक्षण किया। उन्होंने जिले में टीकाकरण की धीमी गति पर नाराजगी जताई और किसी भी परिस्थिति मे टीकाकरण का शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निर्देश (शेष पेज 15 पर)

## एमसीआई के काम की होगी समीक्षा

पटना (एसएनबी)। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन ने कहा कि एमसीआई के द्वारा मान्यता देने और रद्द करने जैसे कई मामले संज्ञान में आये हैं। मैं इन सभी मामलों का अध्ययन करने के बाद ही एमसीआई के काम की समीक्षा करूंगा। उन्होंने कहा कि मेरा तो मानना है कि मेडिकल कॉलेज में निर्धारित सीटों को खत्म करने की बजाय वहां की कमियों को दूर करने का प्रयास किया जाना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि एमसीआई द्वारा सरकारी व निजी कॉलेज को लेकर भेदभाव किया जाता है, डॉ. हर्षवर्द्धन ने स्वीकार किया कि सरकारी कॉलेज के प्रति एमसीआई के सख्त और निजी मेडिकल कॉलेज के प्रति नरम होने जैसे कुछ मामले मेरे पास भी आये हैं। एमसीआई से मिलकर चर्चा करूंगा तथा उनके कार्यों की समीक्षा भी करूंगा।

दिया। इससे पूर्व मंत्री ने प्रखंड के शाहबाजपुर आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 186 पर टीकाकरण अभियान का विधिवत उद्घाटन किया। डॉ. हर्षवर्द्धन ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने के बाद पटना में संवाददाताओं को वहां के हालात के बारे में जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि दरअसल मुजफ्फरपुर में जिस बीमारी से बच्चों की मृत्यु हो रही है उसके मूल कारण का पता नहीं चल रहा है। इसलिए केन्द्र सरकार शीघ्र ही मुजफ्फरपुर व दरभंगा में दो बहुविषयी शोध इकाई की स्थापना करने जा रही है। दरअसल अभी तक जो लक्षण हैं वे एईएस की तरह हैं, इसलिए लक्षण आधार पर इलाज हो रहा है। कहीं कुपोषण की बात आ रही है। ब्लड सुगर लेवल 10 से 18 तक आ रहे हैं। इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन का मामला भी सामने आ रहा है। एक सच यह भी है कि जांच के क्रम में वायरस से ग्रसित होने के भी कई मामलों में प्रमाण नहीं मिल रहे हैं। इसलिए अभी व्यापक जांच पड़ताल की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी के जड़ तक पहुंचने के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं से मदद ली जाएगी। इनमें डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ, सेंटर फॉर वायरल डीजीज कंट्रोल (अटलांटा) के विशेषज्ञों की सलाह ली जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही मुजफ्फरपुर मेडिकल कॉलेज को अपग्रेड कर यहां 150 से 250 छात्रों के नामांकन का प्रस्ताव एमसीआई को दिया जाएगा। शीघ्र ही यहां 100 बेड के पेडियाट्रिक्स आईसीयू की भी स्थापना की जाएगी। इसके-साथ ही मुजफ्फरपुर के आसपास के दस जिलों में 10 बेड के पेडियाट्रिक्स आईसीयू की भी स्थापना की जाएगी। नये भवन भी बनाये जाएंगे। वायरोलॉजिकल टेस्ट के लिए भी चार जिलों के पांच स्थानों पर विषाणुजन्य जांच प्रयोगशाला की स्थापना की जाएगी। इनमें गया, भागलपुर, बेतिया, पावापुरी व नालंदा शामिल है। इसके अलावा भी कालाजार, खसरा, फायलेरिया और कुष्ठ रोग के उन्मूलन को शत-प्रतिशत खत्म करने के लिए टीकाकरण सुनिश्चित कराने की दिशा मे पहल की जाएगी। यह पूछे जाने पर कि पिछले पांच सालों से बच्चे मर रहे हैं और सरकारी तंत्र की घोषणाओं को सुना जा रहा है ? डॉ. हर्षवर्द्धन ने कहा कि मैं यहां राजनीति करने नहीं आया हूं। मैं स्वास्थ्य मंत्री से पहले एक संवेदनशील चिकित्सक हूं। मैंने जो कहा है, उसे अमल करने दें। मुझे उम्मीद है कि इस बीमारी से छुटकारा दिलाया जाएगा। बच्चों की मौत को लेकर असली जिम्मेवार कौन है ? डॉ. हर्षवर्द्धन ने कहा कि किसी अकेले की यह जिम्मेवारी नहीं है। पूरे समाज को जिम्मेवारी लेने की जरूरत है। चिकित्सकों के निजी प्रैक्टिस पर डॉ. हर्षवर्द्धन ने कहा कि यह राज्य सरकार का काम है कि वह किसी नीति के तहत चिकित्सकों का सहयोग लेना चाहती है। इस मौके पर उनके साथ राज्य के स्वास्थ्य मंत्री रामधनी सिंह, केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव लव वर्मा समेत केन्द्र व राज्य के कई स्वास्थ्य पदाधिकारी मौजूद थे। रविवार की सुबह विभागीय अधिकारियों के साथ केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कांटी पीएचसी का निरीक्षण करते हुए वहां की वर्तमान स्थिति पर नाराजगी जताते हुए पीएचसी में व्यापक सुधार की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि बीमारी के रोकथाम के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। इसके मद्देनजर विभागीय अधिकारियों और जिला प्रशासन को गांव गांव मे जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इधर पीएचसी पहुंचने पर केन्द्रीय मंत्री का स्वागत जिले के पूर्व डीएम सह निदेशक स्वास्थ्य सेवा आनंद किशोर, सिविल सर्जन डॉ. ज्ञान भूषण, पीएचसी प्रभारी डॉ यूपी चौधरी ने बुके देकर भव्य स्वागत किया।

आज

पटना, सोमवार
23 जून 2014

# 10 जिलों में बनेंगे आइसीयू

## मुजफ्फरपुर और भागलपुर में इंसेफ्लाइटिस शोध केन्द्र

( आज समाचार सेवा )

**पटना।** मुजफ्फरपुर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की सीटों की संख्या १५० से बढ़ाकर २५० किया जायेगा। इसके लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्द्धन एमसीआई के पास प्रस्ताव भेजेंगे। इसकी जानकारी केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्द्धन ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में दी। मुजफ्फरपुर मेडिकल कॉलेज उत्तर बिहार का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां पूरे उत्तर बिहार के लोग इलाज के लिए आते हैं। इसलिए यहां एमबीबीएस की सीट बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर में १०० बेड का पेडियाट्रिक आइसीयू बनाया जायेगा और मुजफ्फरपुर के आस-पास के प्रमुख जिले के मुख्य अस्पतालों में १० बेड का पेडियाट्रिक आइसीयू बनाया



जायेगा। केन्द्रीय मंत्री ने इंसेफ्लाइटिस से बच्चों की लगतार हो रही मौत पर चिंता जताते हुए कहा कि इस बीमारी के इलाज के बारे में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सहायता ली जा रही है। इस बीमारी के संबंध, में डब्लूएचओ, यूनिसेफ और सीडीसी अंटलांटा के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपने रिसर्च के बाद इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचे है कि इस बीमारी को एइएस कहा जाय। बीमारी से मौत होने वाले बच्चें में सोडियम, पोटैशियम और कैल्शियमकी कमी पाई गई है। इस बीमारी के कारणों और इलाज के जानकारी के लिए अंटलांटा के विशेषज्ञ चिकित्सकों से चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि सोमवार को अमेरिका जायेंगे, वहां चिकित्सकों से इस बीमारी पर विशेष चर्चा करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री

( शेष पृष्ठ ९ पर )

### 10 जिलों में बनेंगे...

डॉ हर्षवर्द्धन ने बताया कि आने वाले समय में देश से कालाजार, खसरा, फलेरिया और कुष्ठ रोग का उन्मूलन करने का निर्णय लिया गया है। अभी देश से चेचक और पोलियो को जड़ से समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने बीमारियों से बचाव के लिए शत-प्रतिशत टीकाकरण पर जोर देते हुए कहा कि हर बच्चे का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार से वायरोलॉजी की जांच के लिए सैंपल पुणा भेजा जाता है। अब गया, भागलपुर, बेतिया, पावापुरी और नालंदा में पांच वायरोलॉजी जांच प्रयोगशाला स्थापित किया जायेगा, ताकि यहा के बच्चों की सैंपल का जांच असानी से हो सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर और दरभंगा में एक-एक शोध इकाई भी स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय बिहार दौरे में पटना एम्स भी गया। हमसब का सपना है कि पटना एम्स देश ही नहीं दुनिया का प्रतिष्ठित अस्पताल बने। उन्होंने कहा कि एम्स पटना के लिए ५० से १०० एकड़ जमीन उपलब्ध कराने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री से कहा गया है। मुख्यमंत्री ने जमीन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। छह माह के अंदर अटल बिहारी के जन्म दिन से पहले एम्स को पूरा कर लिया जायेगा। इसका उद्घाटन करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार की जनता को भेंट करेंगे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मुजफ्फरपुर जिले में एइएस से प्रभावित गांवों, एसकेएमसीएच और केजरीवाल हॉस्पिटल के एइएस वार्ड का भी दौरा किया। इस अवसर पर बिहार के स्वास्थ्य मंत्री रामधनी सिंह, केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव लव वर्मा सहित राज्य के स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

आज

पटना, सोमवार, २३ जून, २०१४ २

# इंसेफ्लाइटिस पर गंभीरता से करना होगा काम : डा. हर्षवर्द्धन



पटना ( आससे )। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्द्धन ने कहा कि बिहार के मुजफ्फरपुर और इसके आस-पास के क्षेत्रों में बीमारी से लगातार मरने वाले बच्चों को देखते हुए कहा कि इंसेफ्लाइटिस पर गंभीरता से काम करना होगा। मेरे लिए यह दौरा अतिसंवेदनशील और भावुक करने वाला है। अस्पताल में एक साल से २ साल के असहाय गरीब मां-बाप के बच्चों को देखा। जो ठीक से बातचीत भी नहीं कर पा रहे थे। कुछ को लकवा मार दिया तो किसी का हाथ काम नहीं कर रहा था। इसे दखने के बाद जो लोग थोड़ा भी संवेदनशील है, वे इन बच्चों देखेगे तो उनकी आंख भर आयेगी। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि मुजफ्फरपुर में जिन बच्चों की मृत्यु हुई है उनमे से ९२ प्रतिशत को इंसेफ्लाइटिस से बचाव के लिए वैक्सिनेशन नहीं पड़ा है। इसके लिए योजना बनाई गई है। प्रभावित क्षेत्रों में १०० प्रतिशत बच्चों को वैक्सिनेशन किया जाए।

## ५३५ टीका केन्द्रों पर ४२ हजार बच्चों का किया गया टीकाकरण

पटना जिले के ५३५ टीका केन्द्रों पर रविवार को बच्चों को जेई का टीका दिया गया। शेष ६०० टीका केन्द्रों पर सोमवार को टीकाकरण अभियान चलेगा। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों और चिन्हित महादलित टोलों में जेइ के टीकाकरण के लिए कुल ११३५ टीकाकेन्द्र बनाये गये है। इसकी जानकारी देते हुए पटना सिविल सर्जन ने बताया कि रविवार को ५३५ टीका केन्द्रों पर टीकाकरण अभियान चलाया गया। जिसमें कुल ४२ हजार बच्चों को टीकाकरण किया गया है। शेष बचे ६०० टीका केन्द्रों पर सोमवार को टीकाकरण किया जायेगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि लोग अपने बच्चे को टीका केन्द्र पर ले जाकर टीकाकरण अवश्य करायें।

## काला बिल्ला लगाकर अनुबंध नर्सों ने किया कार्य

पीएमसीएच में अनुबंध पर बहाल नर्स राज्य सरकार से अपनी सेवा नियमित करने और सेवा नियमित होने में देर होने पर तत्काल मानदेय में बढ़ोतरी की मांग की अनदेखी के विरोध में रविवार को काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। इस संबंध में अनुबंध नर्स एसोसिएशन की महासचिव प्रमिला कुमारी ने बताया कि राज्य सरकार अनुबंध पर बहाल नर्सों की अनदेखी कर रही है। पीएमसीएच की अनुबंध पर बहाल सभी नर्स सरकार की उपेक्षापूर्ण नीति के खिलाफ विरोध के रूप में रविवार को काला बिल्ला लगाकर शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध प्रदर्शन किया। आज पीएमसीएच के अधीक्षक का घेराव करेंगी।

, 2014

卐॥श्री हरि॥卐

सन्मार्ग

- कुपोषण को मुख्य कारण मानने से भी केंद्रीय मंत्री का इन्कार कहा-इलेक्ट्रोलाइट इंबैलेंस से हो रहीं मौतें
- एसकेएमसीएच में खुलेगी मल्टीडिसीप्लीनरी रिसर्च यूनिट
- राज्य के पांच मेडिकल कॉलेजों में खुलेगी वॉयरोलॉजिकल लैब
- एसकेएमसीएच में और सौ बेड की पीआइसीयू, भवन को मिलेगा नया रूप, आसपास के जिलों में भी दस-दस बेड की पीआइसीयू
- पीएचसी में सुधार की हिदायत



एसकेएमसीएच पहुंचे हर्षवर्धन — जागरण

### रिसर्च की खुद मॉनीटरिंग करेंगे डॉ. हर्षवर्धन

जासं, मुजफ्फरपुर : बच्चों की मौत की वजह जानने पहुंचे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन मंत्री होने के साथ-साथ चिकित्सक की भी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वे अटलांटा जाकर विशेषज्ञों से विमर्श करेंगे। पीड़ित बच्चों का सैंपल जांच के लिए वहां भेजा जाएगा। सीडीसी अटलांटा के साथ मिलकर भारत सरकार इस पर रिसर्च करेगी। इस पूरी प्रक्रिया की वे खुद मॉनीटरिंग करेंगे।

### एसकेएमसीएच में होंगी एमबीबीएस की 250 सीटें



मुजफ्फरपुर : एसकेएमसीएच में एमबीबीएस की सीटें बढ़ेंगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यहां सीटों की संख्या सौ से बढ़ाकर 250 की जाएगी। उन्होंने यहां पीजी की पढ़ाई शुरू करने को लेकर कहा कि निश्चित रूप यूजी के साथ पीजी की पढ़ाई होनी चाहिए। उन्होंने व्यवस्था में कमी को लेकर सरकारी मेडिकल कॉलेजों की मान्यता खत्म करने की एमसीआइ चेतावनी को उचित नहीं माना। उन्होंने कहा कि वे इसके पक्ष में हैं कि बेहतरी के लिए दबाव बनाया जाए। मान्यता खत्म करना उचित नहीं।

### 3 की मौत, 11 भर्ती

मुजफ्फरपुर, संस : एईएस से मौत का सिलसिला जारी है। शनिवार को 3 और बच्चों की मौत हुई और 11 नए मरीज भर्ती किए गए। 8 मरीज एसकेएमसीएच व 3 केजरीवाल अस्पताल में भर्ती किए गए। दोनों अस्पतालों में 60 से अधिक मरीजों का इलाज चल रहा है। अब तक इससे मरने वाले बच्चों की संख्या 161 पहुंच गई है। शनिवार को एसकेएमसीएच में मरने वालों में मोतिहारी की मुस्कान, गोरीगामा निवासी मेखून खातून व सुगौली की अनीशा कुमारी शामिल हैं।

### दुनिया में अलग पहचान होगी पटना एम्स की

जागरण संवाददाता, पटना : केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धन ने 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिन पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान पटना को, सभी सुविधाओं के साथ जनता को समर्पित करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि पटना एम्स, दिल्ली की तर्ज पर या उसकी नकल पर नहीं बल्कि नये विभागों और आधुनिक सेवाओं के कारण दुनिया में अलग पहचान बनायेगा।

मुजफ्फरपुर जागरण

दैनिक जागरण मुजफ्फरपुर, 22 जून 2014

जानलेवा एईएस



# डॉ. हर्षवर्धन जी, आपसे हैं बहुत उम्मीदें

राकेश कुमार, मुजफ्फरपुर

डॉ. हर्षवर्धन जी, आप मुजफ्फरपुर आए, ठहरे और बैठकें की। व्यवस्था को देखा। इसके लिए आभार। यहां के लोगों को आपसे काफी उम्मीदें हैं। इसे पूरा करना भी आपका ही दायित्व है। आशा है कि आपका यहां आना सार्थक होगा और अभिशाप बनी उस अज्ञात बीमारी के रहस्य से पर्दा उठ सकेगा, जो हर साल सैकड़ों बच्चों की जान ले रही है।

यह धरती कई सालों से 'बदइंतजामी' का दंश झेल रही है। अज्ञात बीमारी से यहां के सैकड़ों 'लाल', जो कल के सुनहरे भविष्य थे, अब इस दुनिया में नहीं हैं। लाड़ले की मौत से माताएं चीख रही हैं। चिकित्सकों ने कभी इसे अज्ञात बीमारी का नाम दिया तो कभी इंसेफलाइटिस। गए साल से इसे एईएस का नाम दिया गया। मुजफ्फरपुर में 1994 में इस रहस्यमय बीमारी ने दस्तक दी। 2006 में काफी लोग आक्रांत हुए। फिर 2010 में इसने पांव पसारा। 2011 से प्रकोप बढ़ता गया। पटना व दिल्ली की टीमें भी आईं। टेस्ट के नाम पर दुधमुंहा बच्चों के ब्रेन टिश्यू, ब्लड सेंपल लिए गए। जांच के लिए दूसरे राज्यों में भी भेजा गया। फिर भी रोग का पता नहीं चला। सरकार की ओर से घोषणाएं हुईं कि जिन इलाकों में यह बीमारी फैलती है, वहां विशेष इंतजाम किए जाएं। लेकिन सुगबुगाहट तब शुरू होती है, जब स्थिति विकट हो जाती है।

उत्तर बिहार का सबसे बड़ा अस्पताल एसकेएमसीएच में इलाज की उचित व्यवस्था नहीं है। सफाई की व्यवस्था अत्यंत लचर है। हां, किसी बड़े व्यक्तित्व के आने पर जरूर कुछ बदलाव दिखता है। इस साल तो इस बीमारी ने हद कर दी है। अब तक डेढ़ सौ से अधिक बच्चों की जानें जा चुकी हैं। नामचीन हस्तियां भी यहां आईं। लेकिन, निरीह और मासूमों की मौत का सिलसिला नहीं रुक रहा है। यहां की व्यवस्था की हकीकत जब आप 'तीसरी नजर' से देखेंगे, तभी सच्चाई सामने आएगी। इतनी कोशिश जरूर कीजिए कि लोगों की उम्मीदें न ध्वस्त हों। वैसे, दो दिन के प्रवास में आप वही सब देख पाएंगे, जो यहां की 'व्यवस्था' दिखाएगी। आपके दौरे की सार्थकता तब और बढ़ जाएगी, जब कुछ ऐसे इंतजाम हो कि रोग का कहर रुक जाए।

### हकीकत

- साल दर साल : इलाज से नहीं, बारिश होने के बाद ही रुकता है मौत का कहर
- तेज गर्मी और उमस में ही पांव पसारता है यह रोग

### सुझाव

- जिन इलाकों के बच्चे पीड़ित हो रहे हैं, वहां विशेष ध्यान दिया जाए
- बीमार बच्चों को इलाज के लिए हवाई मार्ग से दिल्ली भेजा जाए
- इस बीमारी पर देश के नामचीन चिकित्सकों की टीम काम करे
- इस बीमारी के लिए अलग वार्ड हो, जहां विशेष व्यवस्था हो



अस्पताल में भर्ती एईएस मरीज



## एईएस से बचाव को 183 बच्चों को दी गई दवा

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : राजकीय आरबीटीएस होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इंसेफेलाइटिस से बचाव को लेकर बच्चों के बीच दवा का वितरण किया गया। 18 जून से अब तक 183 बच्चों को दवा खिलाई गई। इंसेफेलाइटिस विशेष सेल में उप प्राचार्य प्रो. डॉ. ए.बी. अंगार, विभागाध्यक्ष प्रो.डॉ. आइ.एस.झा, प्रो. डॉ. के.केसी. पात्रो, प्रो. डॉ. एच. के. सिंह, डॉ. एलबी प्रसाद, डॉ. आर.के. सिंह, डॉ. कनक कुमार, डॉ. शमीम आलम, डॉ. राम कुमार, डॉ. महेंद्र कुमार पाल हैं। यह जानकारी प्राचार्य प्रो. डॉ. बीएनएस भारती ने दी।

## 3 साल पीछे चल रहा पारा मेडिकल सेशन

मुजफ्फरपुर, संस : पारा मेडिकल सेशन तीन साल पीछे चल रहा है। पारा मेडिकल छात्रों ने शनिवार को एसकेएमसीएच में एईएस के बच्चों को देखने पहुंचे केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ.हर्षवर्धन व राज्य के स्वास्थ्य मंत्री रामधनी सिंह को इससे अवगत कराते हुए अपनी विभिन्न मांगें रखीं। मंत्री ने उस पर विचार करने का आश्वासन दिया। मंत्री से मिलने वालों में जयप्रकाश, रंजन कुमार, मंतोष कुमार, दिलीप कुमार, संतोष कुमार, मंटू कुमार समेत कई छात्र थे। मंत्री के आश्वासन के बाद छात्रों को उम्मीद की किरणें नजर आ रही हैं। अब देखना है कि उनकी मांगों पर कब तक कार्रवाई होती है।

## एईएस से बचाव को जागरुकता अभियान

मनियारी (मुजफ्फरपुर) : क्षेत्र के हरिशंकर मनियारी स्थित शिवमंदिर परिसर में एईएस से बचाव के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया। लोगों को अपने बच्चों को स्वच्छ रखने, रात में भूखे पेट नहीं सोने व ओआरएस का घोल पिलाने की सलाह दी गई। बच्चों को धूप में नहीं निकलने की सलाह दी गई। साथ ही बच्चों को खूब पानी पिलाने को भी कहा गया। आसपास के क्षेत्रों की सफाई पर विशेष ध्यान देने को भी कहा गया। इस दौरान कुढ़नी सीडीपीओ कुमारी प्रगति के साथ पर्यवेक्षिका कल्पना कुमारी, सेविका, सहायिका सहित स्थानीय मुखिया बलिराम मिश्रा मौजूद थे।

## काश! बार-बार आते स्वास्थ्य मंत्री

बैरिया (मुजफ्फरपुर), संस : एसकेएमसीएच का नजारा केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री के आगमन को लेकर शनिवार को बदला-बदला सा दिखा। चौतरफा साफ सफाई की गई थी। ऐसा लग रहा था जैसे कर्मचारियों ने रात में भी जाग कर सफाई कार्य को पूरा किया हो। मरीजों के बेड पर चादर बदली हुई थी। जहां कभी नर्स व डॉक्टर के लिए मरीज के परिजन गुहार लगाते रहते थे आज वहां पर हर पल चिकित्सा कर्मी चक्कर लगा रहे थे। चिकित्सक भी अपने वार्ड में तैनात थे। ऐसे में वार्ड में भर्ती मरीज अपनी खुशी जाहिर करते हुए कह रहे थे। साफ-सफाई की व्यवस्था चकाचक। सभी कर्मचारी व चिकित्सक ड्रेस में नजर आ रहे थे। काश! बार-बार आते स्वास्थ्य मंत्री ।



एईएस मरीज की जांच करते चिकित्सक जागरण



एईएस मरीज के साथ परिजन जागरण

# कालाजार का भी होगा खात्मा

## स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, एक-दो वर्ष में खत्म होगी यह बीमारी

प्रेमशंकर मिश्र
मुजफ्फरपुर

एईएस पीड़ित बच्चों का जायजा लेने आए केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने राज्य से कालाजार के भी खात्मे का संकल्प लिया। इसके अलावा लेप्रोसी व मिजिल्स जैसी बीमारियों को भी समाप्त करने के लिए अभियान चलाने की बात कही।

एसकेएमसीएच में पत्रकारों से बातचीत में डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि एक-दो साल में राज्य से कालाजार को पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर व आसपास के इलाके में इस बीमारी से भी काफी लोग पीड़ित हैं। इसे देखते हुए कालाजार के लिए रिसर्च प्रक्रिया का और सुदृढ़ किया जाएगा। इसके लिए कुढ़नी में आरएचआरयू (रूरल हेल्थ रिसर्च यूनिट) खोली जाएगी।



एसकेएमसीएच में वार्ड का निरीक्षण करते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जागरण

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उन्होंने इस क्षेत्र की बीमारियों को लेकर पिछले 55 वर्षों से लेकर अब तक के इतिहास का अध्ययन किया है। अब जरूरत है अभियान चलाकर इन बीमारियों को दूर भगाया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जितनी भी मदद मांगेगी वे देने के लिए तैयार हैं।

### लोगों को खुद बनना होगा स्वास्थ्य सैनिक

जासं, मुजफ्फरपुर : एसकेएमसीएच व केजरीवाल अस्पताल में एईएस पीड़ित बच्चों का जायजा लेने के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने समाहरणालय में अधिकारियों व चिकित्सकों के साथ बैठक की। इसमें बच्चों की हो रही मौत को रोकने के लिए क्या करें और क्या न करें पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बच्चों को बचाने के लिए सबसे पहले मां को प्रशिक्षण की जरूरत है। इसलिए महिलाओं को प्रशिक्षित व जागरूक किया जाए। ताकि, वह बीमारी के लक्षण को पहचान कर बच्चे को पीएचसी या अस्पताल ला सके। इससे बच्चों के बचने की उम्मीद बढ़ जाएगी। डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि कई और बीमारियों को लेकर भी जागरुकता अभियान चलाने की जरूरत है। जिले में टीकाकरण की स्थिति और बेहतर करनी होगी। अभी यह 70 फीसद के करीब है। इसे बढ़ाने की जरूरत है। इसके अलावा महिलाओं में खून की कमी पाई जा रही। गर्भवती महिलाओं के लिए यह खतरनाक है। उन्होंने कहा अभियान चलाकर यह बताने की जरूरत है कि स्वास्थ्य के प्रति लोग खुद सजग हो जाएं। बैठक में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री रामधनी सिंह, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव लव कुमार शर्मा, राज्य स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सचिव आनंद किशोर, डीएम अनुपम कुमार आदि मौजूद थे।

### राज्य के मेडिकल कॉलेजों में सुधार की जरूरत

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : राज्य के मेडिकल कॉलेजों की स्थिति में काफी सुधार की जरूरत है। यहां की फैकल्टी व आधारभूत संरचना को मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया के पैमाने पर लाने की जरूरत है। राज्य सरकार को इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। उक्त बातें एसकेएमसीएच व केजरीवाल अस्पताल में एईएस पीड़ित बच्चों का जायजा लेने आए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कही। हालांकि, मेडिकल कॉलेजों में कमी को लेकर एमसीआइ द्वारा एमबीबीएस की सीट में कटौती पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सरकारी मेडिकल कॉलेज में जो भी कमी हो उसे पूरा करने के लिए कहा जाए। सीधे सीटों में कटौती नहीं की जा सकती। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जेई टीकाकरण जरूरी है। ताकि, कम से कम इस बीमारी से बच्चे सुरक्षित हो सकें। उन्होंने कहा कि टीका कभी हानि नहीं पहुंचाता। इसलिए यह टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा।

सीएम के भ्रमण के बाद भी नहीं हुआ सुधार

# अस्पताल की व्यवस्था पर स्वास्थ्य मंत्री नाराज

- राज्य स्वास्थ्य मंत्री ने ली सदर अस्पताल की फीडबैक
- सदर अस्पताल नहीं पहुंचे मंत्री, होता रहा इंतजार

जासं, मुजफ्फरपुर : मंत्री जी, सदर अस्पताल की व्यवस्था हम नहीं सुधरेंगे वाली राह पर है...। मुख्यमंत्री के साथ आप यहां आए और 15 दिनों में सुधार करने का अल्टीमेटम दिया, लेकिन उसका कहीं असर नहीं। रेफर संस्कृति हावी है और अस्पताल का काम केवल इंजुरी रिपोर्ट देने तक सिमट कर रह गया है। ये शिकायतें शनिवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री रामधनी सिंह के सामने जदयू कार्यकर्ताओं ने रखी। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने स्वास्थ्य सेवा व संगठन की समीक्षा की। एकजुटता बनाए रखने पर बल दिया। जिलाध्यक्ष डॉ.अशोक शर्मा, महानगर अध्यक्ष प्रो.शब्बीर अहमद व सीनेट सदस्य नरेन्द्र पटेल ने कहा कि मरीजों का सही इलाज नहीं हो रहा है। राज्य मंत्री ने कहा कि स्थिति में सुधार नहीं होना चिंताजनक है। वह सीएम को अवगत कराएंगे और अब सख्त कार्रवाई होगी। पिछले दौरे में अनुपस्थित रहे चिकित्सकों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इधर, सदर अस्पताल में मंत्री के आने का इंतजार होता रहा, लेकिन वह नहीं आए।

## सूबे के मंत्री से मांग

- सदर अस्पताल में चौबीस घंटे हो महिला व शिशु इमरजेंसी
- दस साल से जमे लिपिक, पारा मेडिकल व चिकित्सकों का हो तबादला
- उपाधीक्षक के निलंबन पर हो विचार, उनको गलत फंसाया गया
- एनसीडीसी सेल के लिए आई राशि, अविलंब बने वहां पर वार्ड
- जिला स्वास्थ्य समिति का भवन बनकर तैयार, लेकिन भाड़े के मकान में चल रहा कार्यालय, इसकी हो जांच
- एनआरएचम के तहत बहाल एएनएम की शैक्षणिक योग्यता की होनी चाहिए जांच, दोषी पर हो प्राथमिकी
- लिपिक व पारा मेडिकल स्टाफ की बदली के नाम पर परिसर में रखने के खेल पर रोक लगनी चाहिए।

## नियमित सेवा बहाल करने को दी अर्जी

मुजफ्फरपुर : एसकेएमसीएच में एनआरएचएम के तहत संविदा पर कार्य कर रहे चिकित्साकर्मियों ने शनिवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ.हर्षवर्धन को नियमित सेवा बहाल करने की अर्जी दी। ज्ञापन देने वालों में हेल्थ मैनेजर मो.सोहेल अख्तर, राजीव रंजन, प्रभात कुमार आदि थे।



परिसदन में बैठक करते केंद्रीय व राज्य के स्वास्थ्य मंत्री जागरण



पीड़ितों के संबंध में जानकारी लेते रघुवंश प्रसाद सिंह



केंद्रीय मंत्री के साथ बैठक में शामिल जनप्रतिनिधि जागरण

## ...पर्चा त न मिलल पुड़िया मिलल सर

अमरेन्द्र तिवारी, मुजफ्फरपुर

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ.हर्षवर्धन व राज्य के स्वास्थ्य मंत्री रामधनी सिंह शाम 5 बजकर 30 मिनट पर एसकेएमसीएच पहुंचे। चाक-चौबंद व्यवस्था व प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व राजनैतिक कार्यकर्ताओं का रेला पीछे-पीछे।

अधीक्षक कार्यालय से आइसीयू जाने के क्रम में केन्द्रीय मंत्री की नजर झुंड में खड़ी स्टाफ नर्स पर पड़ी। तुरंत रुके तथा पूछा, बच्चा जब बीमार होकर आता है तो उसकी क्या स्थिति रहती है...। सामने वाला चुप..। अरे बोलों में तुमसे पूछ रहा हूं न...। मंत्रीजी सीरियस होते हैं। अरे जब जानकारी नहीं तो फिर कैसे इलाज में आप मदद करेंगे....। इशारा दूसरे पर। तुरंत भीड़ से स्टाफ नर्स मधुमिता बताती है कि बुखार व चमकी या बिना बुखार के भी चमकी रहती है सर...। इलाज के बाद स्थिति क्या रहती है....। सर कुछ अच्छा होता तो कुछ मर भी जाते हैं। मंत्री बोले, आज से 20 साल पहले तो इस तरह की बीमारी 40 से 50 साल के उम्र वाले को होती थी। लेकिन यह तो बच्चे को हो रही है। इसका क्या नाम देकर इलाज कर रहे हैं।

### • एसकेएमसीएच व केजरीवाल में देखा इलाज का हाल

एसकेएमसीएच के अधीक्षक डॉ.जीके ठाकुर व उपाधीक्षक डॉ.सुनील शाही बीमारी के बारे में सबकुछ बताते हैं। फिर सीधे सभी आइसीयू में जाकर वहां का जायजा लेते हैं। बीमारी पर शोध करने वाले डॉ.गोपाल शंकर साहनी से लंबी बातचीत। डॉ.साहनी ने कहा कि गर्मी में होने वाली बीमारी में बच्चों के अंदर ग्लूकोज, पोटेशियम, सोडियम की कमी रहती है। केन्द्रीय मंत्री सहमत हुए। डॉ. सहनी ने सलाह दी कि इसके लिए समृद्ध लैब चाहिए ताकि तुरंत जांच हो। मंत्री बोले, इसका इंतजाम होगा। इनके साथ सांसद अजय निषाद व सांसद रमा सिंह, विधायक सुरेश शर्मा, विधायक रामसूरत राय, विधायक वीणा देवी, विधायक अशोक सिंह चिकित्सकों के साथ बीमारी के संबंध में बताते रहे। सांसद रमा सिंह व सांसद अजय निषाद ने बच्चों को बचाने के लिए सशक्त कदम उठाने तथा एसकेएमसीएच को एम्स की तरह अपग्रेड करने की मांग की।

### केजरीवाल की फीडबैक पर चौंक गए मंत्री

केजरीवाल में जब दोनों मंत्री पहुंचे तो उनकी नजर मरीजों पर पड़ी। मंत्री हर्षवर्धन ने कहा कि गांव में जागरुकता हुई, महबूब का इलाज कराने पहुंची बिल्किस ने कहा कि उसके घर पर कोई परचा देने नहीं आया। केवल दीदी आई व दो पुड़िया देकर चली गई। मंत्री नहीं समझे उनके साथ चल रहे डॉ.राजीव कुमार ने बताया कि ओआरएस का पैकेट दे दिया। चिकित्सकों ने बताया कि अधिकांश बच्चे को नियमित टीकाकरण की खुराक नहीं मिल पाई है। जेई टीका की बात तो दूर की है....। वे गंभीर हुए तथा अपने साथ आए सचिव को इसपर ध्यान को कहा। एक-एक मरीज से लक्षण के बारे में जानकारी ली।

रखे विचार : चिकित्सकों ने दिए केन्द्रीय मंत्री को सुझाव, व्यवस्था में हो सुधार

# आंख मूंद कर दे रहे एंटीबायोटिक

मुजफ्फरपुर, संसं : एसकेएमसीएच व केजरीवाल अस्पताल में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने चिकित्सकों से एईएस से बचाव को लेकर सुझाव मांगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस बीमारी से हर साल होने वाली मौत को लेकर गंभीर है। इस संबंध हर तरह के सुझाव पर अमल किया जाएगा। चिकित्सकों ने सुझाव दिया कि व्यवस्था में सुधार होनी चाहिए। गावों में क्वैक आंख मूंद कर एंटीबायोटिक दे रहे हैं, इस पर रोक लगनी चाहिए।

**विशेषज्ञ चिकित्सक करें इलाज**

एक्यूप्रेशर थेरेपिस्ट व बिहार भक्ति आंदोलन के कार्यकर्ता विमल कुमार पराशर ने बच्चों के हित में बीमारी पर काबू के लिए आयुष सहित एलोपैथिक चिकित्सकों की समिति बनाने सहित अन्य सुझाव दिये। मंत्री हर्षवर्धन सुझाव पर गंभीर हुए तथा उनका मोबाइल नम्बर मांगा। डॉ.पराशर ने कहा कि बच्चों का इलाज केवल शिशु रोग विशेषज्ञ ही करें यह सुनिश्चित किया जाए, मानक चिकित्सकों के सुझाव एवं अनुप्रमाण से एंटीबायोटिक दवा का इस्तेमाल हो इसके लिए जिला स्तर पर टीम बनाकर नियमित जांच अभियान चले। एसकेएमसीएच में एक्यूप्रेशर शोध, प्रशिक्षण एवं उपचार संस्थान की यूनिट भी खुलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी बीमारी में गांवों में रहने वाले झोला छाप या क्वैक सीधे एंटीबायोटिक दे रहे हैं। इससे मरीज के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

**केजरीवाल के चिकित्सकों ने कहा कि पुनर्वास व लैब की हो व्यवस्था**

केजरीवाल के वरीय चिकित्सक डॉ.राजीव कुमार ने कहा कि अधिकतर बीमार बच्चों का नियमित टीकाकरण चक्र नहीं पूरा हो पाया है। कुपोषण दूर करने का अभियान चलना चाहिए। पुनर्वास की व्यवस्था हो क्योंकि बीमार बच्चे जब ठीक होते हैं तो उनके ऊपर विकलांगता का असर दिखता है। सचिव राजकुमार गोयनका, डॉ.नीरज कुमार, डॉ.अनुपमा जायसवाल ने सुझाव दिया कि एम्स की तरह एसकेएमसीएच को विकसित किया जाए। बच्चों की मौत को रोकने के लिए पीएचसी व एपीएचसी में इलाज की सारी व्यवस्था होनी चाहिए।

**बोचहां में बोर्ड मिला घर में**

बोचहां में जब राज्य कार्यक्रम पदधिकारी डॉ. जगदीश सिंह पहुंचे तो वहां पर जागरूकता संबंधी बोर्ड घर में बंद था। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि बोर्ड बाहर रहता तो लोग जागरूक होते। उन्होंने प्रभारी की क्लास ली और कहा कि आउटडोर में आने वाले मरीज को जागरूक किया जाए।

## केन्द्र सरकार पूरी तरह विफल : रघुवंश

मुजफ्फरपुर : राजद के वरीय नेता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ.रघुवंश प्रसाद सिंह ने कहा कि बच्चों की बीमारी को रोकने में राज्य व केन्द्र सरकार पूरी तरह से फेल है। अब तक इस बीमारी की खोज नहीं हुई और अंधेरे में तीर चल रहा। सही इलाज व जांच के अभाव में बच्चे असमय मर रहे हैं। बच्चों की मौत पर चिंता जताते हुए उन्होंने एसकेएमसीएच व केजरीवाल अस्पताल में जाकर मरीजों को देखा व उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि उनकी पहल पर एसकेएमसीएच को एम्स के दर्जा के लिए यूपीए सरकार ने 120 करोड़ की राशि स्वीकृत की लेकिन बिहार सरकार ने अपना हिस्सा तीस प्रतिशत नहीं दिया और काम नहीं हुआ। अब वह काम होना चाहिए। ट्रामा केन्द्र के लिए केन्द्र सरकार से पहल कर राशि दिलाई लेकिन वह भी नहीं बना। गांव में रहने वाले गरीबों के बच्चे मर रहे हैं लेकिन राज्य की जदयू सरकार व केन्द्र की भाजपा सरकार गंभीर नहीं है। यह दुखद बात है। इनके साथ राजद के प्रदेश महासचिव भूपाल भारती आदि थे।

### बहुजन मुक्ति पार्टी अध्यक्ष पहुंचे

बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित कमेटी ने एईएस पीड़ित बच्चों से मिलकर उनके स्वास्थ्य का जायजा लिया। इलाज व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन होगा। इनके साथ डॉ.सूरज सहनी, नरेश कुमार निषाद, जिला अध्यक्ष लड्डू सहनी, विन्देश्वरी ठाकुर, बालक नाथ सहनी, मदन कुशवाहा, बिरेन्द्र कुमार साह, सुरेन्द्र चन्द्रवंशी आदि शामिल थे।

### बारह मासी योजना का प्रस्ताव

निगम पार्षद व भाजपा नेता केपी पप्पू ने मंत्री को एईएस से बचाव के लिए 12 मासी योजना बनाने का प्रस्ताव दिया। वे गंभीर हुए तथा इसे पूरा करने की बात कही। मंत्री को एसकेएमसीएच को एम्स का दर्जा देने, सदर अस्पताल में महिला व शिशु के लिए 24 घंटे इमरजेंसी सेवा देने व एसकेएमसीएच में अविलंब ट्रामा केन्द्र खोलने की मांग भी की।

## आज कांटी के महादलित टोले में जाएंगे मंत्री

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ.हर्षवर्धन कांटी के महादलित टोले में आज जाएंगे। वहां पीएचसी का निरीक्षण करने के बाद वे वीरपुर गांव में भी जा सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की टोली ने वीरपुर में जाकर तैयारी की है। वहां महादलित बच्चों से मिलेंगे तथा उनके स्वास्थ्य का जायजा लेंगे। स्वास्थ्य संबंधी अन्य सुविधाओं का भी जायजा लेंगे।

### 96 हजार 4 सौ को खुराक देने का लक्ष्य

जेई टीकाकरण को लेकर दो दिन तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए 96 हजार चार सौ बच्चों को टारगेट किया गया है। सभी पीएचसी में दवाएं भेज दी गई है। राज्य प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एनके सिन्हा, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. दिनेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ.हसीब असगर अभियान को लेकर निगरानी कर रहे हैं। 22 व 23 को स्पेशल अभियान चलाकर छूटे बच्चे यानी 9 माह से 15 साल के बच्चे को जेई की खुराक दी जायेगी। अभियान में किसी प्रकार की कोताही नहीं करने के निर्देश जारी किए गए है।

रविवासरीय
मुजफ्फरपुर
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
रविवार, 22 जून, 2014
www.livehindustan.com

### इंसेफलाइटिस पीड़ितों का हाल जानने पहुंचे केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने किया एलान

# एसकेएमसीएच में मल्टी रिसर्च सेंटर

**प्रमुख घोषणाएं**

- एमबीबीएस की 250 सीटों के लायक एसकेएमसीएच को किया जाएगा विकसित
- एसकेएमसीएच में 100 बेड व सीमावर्ती जिलों में 10-10 बेड का पीआईसीयू
- कुढ़नी में बनेगा मॉडल रूरल हेल्थ रिसर्च सेंटर
- एसकेएमसीएच में अस्पताल का नया भवन बनाने में केन्द्र करेगा सहयोग
- बिहार में मेडिकल की सीटों में नहीं होने दी जाएगी कटौती एमसीआई से करेंगे बात

मुजफ्फरपुर/पटना | हिन्दुस्तान टीम

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर व डीएमसीएच दरभंगा में विश्वस्तरीय मल्टी रिसर्च सेंटर खोलेगा। ये सेंटर बहुविभागीय होंगे, ताकि विभिन्न बीमारियों पर शोध व उनके इलाज की कारगर व्यवस्था हो सके। यह घोषणा केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने की। वे शनिवार को एसकेएमसीएच में इंसेफलाइटिस पीड़ित बच्चों का हाल जानने पहुंचे थे।

डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि केंद्र के सहयोग से एसकेएमसीएच की बिल्डिंग नए सिरे से बनायी जाएगी। कॉलेज को एमबीबीएस की 250 सीटों की क्षमता के लायक विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंसेफलाइटिस पीड़ितों के इलाज को एसकेएमसीएच में 100 अतिरिक्त बेड का पीआईसीयू (पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट) व सीमावर्ती जिलों में 10-10 बेड के पीआईसीयू बनाए जाएंगे।



केजरीवाल में इंसेफलाइटिस पीड़ित बच्चे का हाल जानते डॉ. हर्षवर्धन। साथ में हैं सूबे के स्वास्थ्य मंत्री रामधनी सिंह।

इससे पूर्व डॉ. हर्षवर्धन ने सूबे के स्वास्थ्य मंत्री रामधनी सिंह, केन्द्र व राज्य सरकारों के स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों के साथ पीआईसीयू में भर्ती इंसेफलाइटिस पीड़ित बच्चों का हाल जाना। बीमार बच्चों की मां व अस्पताल अधीक्षक डॉ. जीके ठाकुर से रोग के लक्षण व इलाज की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने पीड़ित बच्चों पर शोध कर रहे अटलांटा के डॉक्टरों से भी बात की।

इससे पहले पटना में डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि बिहार के मेडिकल कॉलेजों में सीटों की कटौती का मामला राज्य सरकार उनके पास लाती है तो वे एमसीआई को इसे सकारात्मक तरीके से देखने को कहेंगे। वे सीटों की कटौती के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने पटना एम्स का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि देश में दिल्ली की तर्ज पर छह राज्यों में एम्स शुरू किए जाने की योजना अटल जी की थी। हम चाहते हैं कि उनके जन्मदिन पर 25 दिसंबर को एम्स का उद्घाटन हो। वैसे देशभर में 10 और एम्स खोलने पर विचार चल रहा है। देखें पेज-04 भी

हिन्दुस्तान 04
• मुजफ्फरपुर • रविवार • 22 जून 2014

# पहचान में नहीं आए वार्ड आईसीयू और डॉक्टर

मुजफ्फरपुर | विशेष त्रिवेदी

श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शनिवार की शाम इंसेफलाइटिस पीड़ित बच्चों के इलाज का जायजा लेने पहुंचे केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन के साथ पी-आईसीयू तक भीड़ को जाने की अनुमति नहीं दी गई। लिहाजा पत्रकारों को अधीक्षक डॉ. जी.के. ठाकुर के कक्ष के पास ही रोक दिया गया। डॉ. हर्षवर्धन ने सबसे पहले इमरजेंसी में तैनात सिस्टर मधुलिका से बीमार बच्चों के लक्षण पूछे।

मधुलिका ने बताया कि बच्चे तेज बुखार के साथ बेहोशी की हालत में आ रहे हैं। उनके शरीर में प्रायः सुगर की कमी होती है और बार-बार चमकी आती है। अधीक्षक से बात करते हुए हर्षवर्धन पीआईसीयू की ओर बढ़े। क्लोज सर्किट टीवी पर डॉ. हर्षवर्धन द्वारा निरीक्षण का लाइव प्रसारण देखने के लिए प्रिंट-इलेक्ट्रोनिक मीडिया के पत्रकार अधीक्षक के कक्ष में पहुंचे। जब पत्रकारों ने पीआईसीयू का लाइव प्रसारण दिखाने का आग्रह किया, तो एक कर्मचारी ने बताया अभी पी-आइसीयू का ही प्रसारण चल रहा है। आज टीवी की तस्वीरों में पीआईसीयू, वार्ड से लेकर डॉक्टर-सिस्टर तक पहचान में नहीं आ रहे थे।दरअसल पीआईसीयू में आज पहली बार सिस्टर व डॉक्टर ने चेहरे पर मास्क लगाया था, ताकि पीड़ित बच्चे संक्रमित नहीं हों। डॉ. गोपाल शंकर सहनी हो या डॉ. अरविंद कुमार चेहरे पर मास्क के कारण पहचान में नहीं आ रहे थे। एक बच्चे की चीख पर तीन-तीन नर्सें लपक रही थीं। चारों पीआईसीयू में ही नहीं, आज एसकेएमसीएच के सभी वार्डों में लाल-लाल चादरों से बदहाली ढक गई थी। वार्ड में डॉक्टर-सिस्टर तो थे ही, बरामदे के फर्श पर भर्ती मरीजों से भी सिस्टर उनका हाल पूछ रही थी। देखने वालों ने बताया कि एसकेएमसीएच को मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी से ज्यादा केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री के लिए सवांरा गया है। डॉ. हर्षवर्धन के पहुचने से पहले राज्य मुख्यालय से विभागीय अधिकारी पूरी तैयारी का जायजा लेते रहे। करीब चार बजे अधीक्षक डॉ. ठाकुर के मोबाइल की घंटी बजी। इधर से डॉ. ठाकुर बोले, सर गाउन संभव नहीं है। सब लोग एप्रॉन पहनकर आए हैं। सभी डॉक्टर-सिस्टर को समझा दिया गया है। एसकेएमसीएच में इलाज के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। इस वर्ष यहां अब तक 281 इंसेफलाइटिस पीड़ित बच्चे भर्ती किए गए। 139 स्वस्थ्य होकर घर लौटे हैं और शाम के 4 बजे तक मरने वाले बच्चों की संख्या 91 तक पहुंची गई है। इधर पीआईसीयू-1 में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधांशु कुमार ने प्रत्येक बेड के बच्चों की रिपोर्ट देखी। उनके शरीर के तापक्रम, सुगर, सोडियम की मात्रा का अवलोकन करते हुए सिस्टर से पूछा कि रोगियों को कब कौन-कौन दवा दी गई है। कई दिनों की जंग के बाद खतरे से बाहर आए 3 बच्चों को हॉर्लिक्स पिलवायी।

पीआईसीयू -4 में भर्ती सीतामढ़ी की शिवानी के पिता संजीव मिश्रा ने बताया कि एसकेएमसीएच के वार्डों और गलियारों की रात भर सफाई चलती रही। मुख्यमंत्री को आंख-कान-नाक विभाग के अक्सर बंद रहने वाले गलियारे से पीआईसीयू तक पहुंचाया गया था। शनिवार को दिन भर वार्डों, बरामदों की सफाई जारी रही, लिहाजा डॉ. हर्षवर्धन को किसी भी गलियारे से पहले-दूसरे तल के पीआईसीयू तक पहुंचाया जा सकता था।

## बदला नजारा

- मांझी से ज्यादा हर्षवर्धन के लिए संवारा गया एसकेएमसीएच
- आईसीयू में पहली बार डॉक्टर सिस्टर के चेहरे पर था मास्क
- होती रही एसकेएमसीएच की व्यवस्था में सुधार की मशक्कत

# स्वास्थ्य के प्रति जन आंदोलन की जरूरत: स्वास्थ्य मंत्री

## सेहत पर दें ध्यान

मुजफ्फरपुर | प्रमुख संवाददाता

स्वास्थ्य के प्रति जन आन्दोलन की जरूरत है। आजादी के 67 साल बाद भी हम स्वास्थ्य के प्रति गंभीर नहीं है। हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग होना होगा। उन्हें अपनी जीवनशैली में बदलाव लाना होगा। खासकर बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करने के बाद केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बच्चों व महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि 30 फीसदी से अधिक बच्चे टीकाकरण से वंचित रह जा रहे हैं। 88 फीसदी गर्भवती महिलाओं में खून की कमी की शिकायत रहती है। खून की कमी से 12 फीसदी गर्भवती महिलाओं की मौत हो जाती है। इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए केन्द्र सरकार मातृ सुरक्षा योजना लागू करने जा रही है।



कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन के समक्ष इंसेफलाइटिस के संबंध में जिला प्रशासन की ओर से किए गए कार्यों को प्रस्तुत करते जिलाधिकारी अनुपम कुमार।

- महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए केन्द्र सरकार शीघ्र लागू करेगी मातृ सुरक्षा योजना
- इंसेफलाइटिस से बचाव के लिए घर-घर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश

### एमसीआई के मापदंड को भी पूरा करे राज्य

मेडिकल कॉलेज में सीट घटाने की चेतावनी को लेकर राज्य सरकार की चिंता पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एमसीआई के मापदंड को पूरा करना हमारा दायित्व है। इसके लिए पहल करनी होगी। फिलहाल उन्होंने राज्य सरकार को भरोसा दिलाया कि मेडिकल कॉलेज में सीट की संख्या नहीं घटायी जाएगी, लेकिन निर्धारित समय-सीमा के अंदर मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था में सुधार लाना होगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पीजी की सीटें बढ़ाने से पहले कॉलेजों की व्यवस्था में सुधार लाया जाएगा।

### राज्य ने मांगी बजट में स्वीकृत शेष राशि

उत्तर बिहार में हो रही बच्चों की मौत को दुखद बताते हुए उन्होंने कहा कि उनकी प्राण की रक्षा करना हम सबका दायित्व है। फिलहाल जन जागरुकता से ही बच्चों की हम जान बचा सकते हैं। इसके लिए हर मां को जागरूक करने की आवश्यकता है। दूसरी ओर बैठक में राज्य के स्वास्थ्य सचिव आनन्द किशोर ने कहा कि केन्द्र ने राज्य को 1969 करोड़ रुपए के बजाय 1619 करोड़ रुपए ही स्वीकृत किए हैं। उन्होंने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री से अनुरोध किया कि राज्य को शेष राशि उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने कहा कि सूबे में आठ और मेडिकल कॉलेज की आवश्यकता है। चालू वितीय वर्ष में कम से कम मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति देने का उन्होंने अनुरोध किया। राज्य सरकार की ओर से कहा गया है कि वह पीएचसी स्तर पर रेडियोलॉजी सहित अन्य जांच सुविधा बहाल करने की दिशा में पहल कर रही है। बैठक में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री रामधनी सिंह, सांसद रामाकिशोर सिंह उर्फ रामा सिंह, विधायक सुरेश शर्मा, रामसूरत राय उपस्थित थे।

## मंत्री के आगमन पर सदर अस्पताल रहा चौकस

मुजफ्फरपुर। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन के शहर आगमन को ले शनिवार को सदर अस्पताल खास चौकस रहा। अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर स्वास्थ्यकर्मी पूरे दिन चहलकदमी करते रहे। इस दौरान प्रत्येक वार्ड की साफ-सफाई से लेकर ,सतरंगी चादर बिछाने में कर्मी लगे रहे। परिसर में जगह-जगह डीडीटी का छिड़काव किया गया। यूनिफॉर्म व बैच लगाकर कर्मचारी ड्यूटी पर थे। महिला वार्ड की व्यवस्था भी बेहतर थी। ममता कार्यकर्ता व नर्स भी सतर्कता से काम कर रही थीं। (मु.का.)

### गंदगी व जलजमाव से गुजरेंगे केन्द्रीय मंत्री

कांटी। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन को कांटी में गंदगी व जलजमाव के बीच से गुजरना होगा। मंत्री के आगमन की खबर के बाद कांटी ओवरब्रिज के नीचे सर्विस रोड में थर्मल कॉलोनी गेट तथा रातल मैदान के समीप बने बड़े-बड़े गड्ढों को मिट्टी डालकर भर तो दिया गया है लेकिन गलत निर्माण के कारण सर्विस रोड मानसून की पहली फुहार में ही पानी में डूब गया है। (हिसं)

# रात्रि भोज में उभरी भाजपा की गुटबाजी

## सियासत

मुजफ्फरपुर | वरीय संवाददाता

डॉ. हर्षवर्धन के सम्मान में नगर विधायक सुरेश शर्मा के आवास पर आयोजित रात्रि भोज में जिला भाजपा की गुटबाजी उभर कर सामने आई। कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक के बाद रात्रि भोजन के लिए कलमबाग चौक स्थित विधायक आवास पहुंचने पर केन्द्रीय मंत्री का नगर विधायक सुरेश शर्मा समेत अन्य भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष समेत जिला कमेटी के अधिकांश नेता मौके पर नजर नहीं आये।

केन्द्रीय मंत्री के लिए आयोजित भोज के मौके पर विधायक सुरेश कुमार शर्मा के आवास पर सांसद अजय निषाद, रामाकिशोर सिंह, विधायक अशोक सिंह, वीणा देवी, रामसूरत राय, भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला प्रभारी विनय सिंह, महामंत्री मुकेश शर्मा, उमेश यादव, अंजू रानी, देवी लाल, बेबी कुमारी, विधायक प्रवक्ता संजीव कुमार सिंह, मनोज शाही समेत डॉ. राजीव कुमार, डॉ. जीके ठाकुर, डॉ. सतीश समेत अन्य प्रमुख रूप से थे। दूसरी ओर जिलाध्यक्ष डॉ. अरविन्द कुमार सिंह मौके पर नहीं थे। उनका मोबाइल भी ऑफ था। उनके गुट के एक नेता ने बताया कि पहले जिलाध्यक्ष के यहां आयोजन होना था। शनिवार की दोपहर कार्यक्रम में बदलाव हो जाने से जिलाध्यक्ष समेत अधिकांश नेता भोज में शामिल नहीं हुए। भोज के समय जिला महामंत्री रंजन साहु, प्रवक्ता देवांशु किशोर समेत कई नेता सर्किट हाउस में ही जमे रहे।



सर्किट हाउस में सांसद, विधायक, एमएलसी ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन का स्वागत किया।

### भाजपा नेताओं ने स्वास्थ्य मंत्री का किया स्वागत

मुजफ्फरपुर। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन के शनिवार की दोपहर पहुंचने पर भाजपा नेताओं ने शहर के प्रवेश द्वार से परिसदन तक स्वागत किया। रामदयालु नगर स्थित मलंग स्थान पर केन्द्रीय मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। केन्द्रीय मंत्री का विधायक सुरेश कुमार शर्मा, रामसूरत राय, अशोक सिंह, वीणा देवी, भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राजेश वर्मा ने स्वागत किया। सर्किट हाउस से लेकर मेडिकल कॉलेज तक भाजपा नेताओं की जमघट लगी रही। मौके पर संजीव झा, टिन्कू शुक्ला, राजेश रौशन, मुकेश शर्मा, मनोज तिवारी, आशीष पिन्टू, दीपक तिवारी, संजीव सिंह, मनोरंजन शाही, लक्ष्मण पासवान, साकेत सिंह, सत्य प्रकाश भारद्वाज समेत अन्य थे। नेताओं के साथ केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री के परिसदन पहुंचने पर सांसद अजय निषाद, रामाकिशोर सिंह, जिलाध्यक्ष डॉ. अरविन्द कुमार सिंह, जिला महामंत्री रंजन साहू, उमेश यादव, अंजू रानी, रंजना झा, डॉ. तारण राय अन्य ने स्वागत किया। इसके बाद केन्द्रीय मंत्री बीमार बच्चों को देखने एसकेएमसीएच चले गए। निगम पार्षद केपी पप्पू ने ज्ञापन देकर एसकेएमसीएच में ट्रामा सेंटर स्थापित करने और इसे एम्स का दर्जा देने की मांग की है। इधर पटना से मुजफ्फरपुर जाने के दौरान फकुली से लेकर मधौल मलंग बाबा चौक तक मुखिया सह भाजपा नेता केदार प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। फकुली चौक, रजला चौक, चन्द्रहट्टी, तुर्की चौक, मधौल और मलंग बाबा चौक पर स्वागत किया गया। मौके पर बदी ठाकुर, दिनेश राय, उपेन्द्र पासवान, वीरचंद्र साह, पंकज गुप्ता भी थे।

# इंसेफलाइटिस से चार और मौतें, 19 नये मरीज मिले




मुजफ्फरपुर | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि

मुजफ्फरपुर व आसपास के जिलों में इंसेफलाइटिस का कहर जारी है। बीमारी से शनिवार को चार और मासूमों की मौत हो गयी, जबकि 19 नए मरीज भर्ती कराए गए। मरने वाले चारों बच्चे एसकेएमसीएच में भर्ती थे। इंसेफलाइटिस से मरने वालों बच्चों की संख्या 155 तक पहुंच गई है। अब तक बीमारी की चपेट में 726 बच्चे आए हैं। केजरीवाल में छह व एसकेएमसीएच में 13 बच्चों को भर्ती कराया गया है।

मरने वालों में सदर थाना क्षेत्र के गोरिगमा गांव की दस वर्षीय मैखुन खातून, हथौड़ी की तीन वर्षीय अंजली कुमारी, मोतिहारी के राजेपुर की दो वर्षीय मुस्कान व सुगौली के कोरिया गांव की



केजरीवाल अस्पताल में इंसेफलाइटिस से पीड़ित बच्चे के पास बैठी महिला।

चार वर्षीय अनिशा कुमारी है। एसकेएमसीएच में 41 व केजरीवाल में 10 बच्चों का इलाज चल रहा है। दूसरी ओर इंसेफलाइटिस का बढ़ते प्रकोप के कारण परेशानी भी बढ़ती जा रही है। एसकेएमसीएच व केजरीवाल अस्पताल में बीमार बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मरने वाले बच्चों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। बच्चों के मरने से बीमार बच्चों के परिजनों की परेशानी भी बढ़ रही है।

## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री आज कांटी में

**कांटी।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन के आगमन को लेकर कांटी पीएचसी में शनिवार की देर रात तक तैयारी चलती रही। राज्य प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एनके सिंह स्वयं तैयारियों की कमान संभाले हुए थे। ओपीडी, ऑपरेशन थियेटर, लेबर रुम समेत पूरे पीएचसी परिसर में घूम-घूमकर वे पीएचसी प्रभारी डॉ. ओपी चौधरी को निर्देश देते रहे।

पूरे परिसर में दिनभर साफ-सफाई का कार्य चलता रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.अरविन्द कुमार सिंह ने नगर मंडल अध्यक्ष राजकुमार भोला के साथ पीएचसी पहुंच कर तैयारियों के बारे में प्रभारी से बातचीत की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री सुबह नौ बजे कांटी पीएचसी आएंगे।

### अटका है ट्रॉमा सेंटर का प्रस्ताव

केन्द्रीय मंत्री के कांटी आगमन से कांटीवासियों को काफी उम्मीदें हैं। कांटी व मीनापुर के करीब तीन लाख की आबादी का भार मात्र एक महिला डॉक्टर, तीन फीजिशियन व छह बेड के सहारे है। पीएचसी को रेफरल अस्पताल का दर्जा मिल जाए।

# 'एक हाथी और सात अंधे' वाली कहानी सुनाते रहे डॉक्टर

**अपनी-अपनी बात**

मुजफ्फरपुर | प्रमुख संवाददाता

श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसकेएमसीएच) में रहस्यमय बीमारी के लक्षण और संभावित कारण जानने को उत्सुक केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन को एक डॉक्टर के शब्दों में 'एक हाथी और सात अंधे' वाली कहानी सुनायी गई। हर्षवर्धन ने पीआईसीयू में सिस्टर, पीड़ित बच्चों की मां और डॉक्टर से बीमारी के लक्षण पूछने के बाद बीमारी का संभावित कारण जानने का प्रयास किया। डॉक्टर अलग-अलग कारणों की ओर डॉ. हर्षवर्धन का ध्यान आकृष्ट कराते गए। किसी ने गर्मी, उमस, गंदगी व गंदा पानी का जिक्र किया तो किसी ने कुपोषण को कारण बताया।

अज्ञात वायरस, लीची तथा आम-लीची के पेड़ों पर छिड़के जा रहे पेस्टिसाइट पर भी चर्चा चली। एक डॉक्टर ने जब बच्चों को हीट स्ट्रोक की आशंका जतायी तो डॉ. हर्षवर्धन उखड़े। उनका कहना था कि हीट स्ट्रोक का प्रभाव तो पहले राजस्थान या गुजरात में पड़ना चाहिए, जहां बिहार से अधिक गर्मी होती है। डॉ. हर्षवर्धन का मूड देखकर डॉक्टर सकपकाए। पीएमसीएच के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. संजय कुमार ने आगे बढ़कर मोर्चा संभाला। उन्होंने किसी कारण पर चर्चा के बजाय बीमारी के लक्षणों को विस्तार से बताना शुरू किया।

स्वास्थ्य मंत्री को बताया गया कि पीड़ित बच्चों के खून के नमूने जांच के लिए बाहर गए हैं। उनकी जांच रिपोर्ट अभी नहीं आयी है। मंत्री ने पूछा कि पीएचसी में क्या-क्या चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पहले से तैयार थे। ग्लूको मीटर से लेकर प्रोटोकॉल तक की जानकारी देते हुए बताया गया कि वहां अब तक 260 बच्चे भर्ती किए गए हैं। बात एक बार फिर बीमारी के कारण पर अटकी। मंत्री को बताया गया कि इस इलाके में आम-लीची के बागों में पिछले पांच सालों से एक खास पेस्टिसाइट का छिड़काव किया जा रहा है। बच्चे प्रायः आम-लीची को पानी से धोकर नहीं खाते हैं। आशंका है कि पेस्टिसाइट के कुप्रभाव से बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। डॉ. हर्षवर्धन ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को उस पेस्टिसाइट के प्रभाव की जांच कराने का निर्देश दिया। एक डॉक्टर ने याद दिलाया कि यह बीमारी मुजफ्फरपुर व आसपास के जिलों में वर्ष 1995 से ही हर साल गर्मी में कहर बरपा रही है। डॉ. हर्षवर्धन ने रोगी की मां, डॉक्टर व सिस्टर से एक-एक चीज की जानकारी ली। तीन पीआईसीयू में ही उन्हें पर्याप्त जानकारी मिल गई। वे पीआईसीयू-1 में बच्चों को देखने नहीं गए। पीआईसीयू-1 में तैनात डॉ. सुधांशु को एक साथ कई सिस्टर ने बधाई दी। सर रिकार्ड बन गया। लालू प्रसाद भी पीआईसीयू-1 में नहीं आए थे। उस दिन भी आप पीआईसीयू-1 में ही तैनात थे। एक तीमारदार बुदबुदाया, इंसेफलाइटिस का प्रकोप चरम पर पहुंचने के बाद अधिकारी सक्रिय होते हैं।

### उखड़े मंत्री

- हीट स्ट्रोक पर उखड़े हर्षवर्धन न्यूरोलॉजिस्ट ने संभाली बात
- आम-लीची पर पेस्टीसाइट के प्रभाव की होगी जांच

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की घोषणा, सूबे के पांच मेडिकल कॉलेजों में भी एसकेएमसीएच की तर्ज पर होगी लैब की सुविधा

# एसकेएमसीएच में खुलेगी वायरोलॉजिकल लैब

## बोले हर्षवर्धन

मुजफ्फरपुर | हिन्दुस्तान टीम

डॉ. हर्षवर्धन ने कहाकि बिहार के मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बेतिया, पावापुरी, नालंदा व गया स्थित मेडिकल कॉलेजों में वायरोलॉजिकल लैब खोली जाएंगी। बताया कि देश की अन्य वायरोलॉजिकल लैब में अब तक की जांच में यहां के पीड़ित बच्चों में किसी वायरस का संकेत नहीं मिला है। यह भी संभव है कि इस बीमारी के पीछे वायरस हो ही नहीं। वे इंसेफलाइटिस पर नियंत्रण के लिए शीघ्र ही अटलांटा जाएंगे। इस बीमारी की जानकारी देंगे व सीडीसी के समक्ष भारत के साथ संयुक्त शोध का प्रस्ताव रखेंगे।

डॉ. हर्षवर्धन ने राज्य सरकार को इंसेफलाइटिस प्रभावित इलाकों के पीएचसी के डॉक्टरों व कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने की सलाह दी, ताकि पीड़ित बच्चे का शीघ्र इलाज शुरू हो। पीएचसी में इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन की जांच व उस पर नियंत्रण के लिए उपकरण, संसाधन व प्रशिक्षित डॉक्टर-कर्मचारी की तैनाती करनी पड़ेगी। पीड़ित बच्चों के शरीर में इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन की वजह से शुगर, पोटैशिम व सोडियम आदि की अत्यधिक कमी या अधिकता से जान पर संकट पैदा होता है। पीएचसी में सुविधाएं बढ़ानी होंगी।

उन्होंने स्वीकार किया कि इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बच्चों की मौत को रोकने के लिए अभी बहुत कुछ करना बाकी है। पिछले कई वर्षों से लगातार इसका प्रकोप है, फिर भी यह विश्वास के साथ नहीं कहा जा सकता है कि यह किसी वायरस के कारण ही होता है। इसके वास्तविक कारण की जानकारी अब तक नहीं हुई है। उन्होंने इस क्षेत्र में बीमारी के लक्षणों के बारे में जागरूकता की आवश्यकता बतायी। कहाकि जरा सा लक्षण दिखते ही बच्चे को अस्पताल पहुंचाने की जरूरत है। अस्पताल

**जांच में नहीं मिले हैं बीमारी के पीछे वायरस के संकेत**

**बीमारी के लक्षणों के बारे में जागरूकता की आवश्यकता**

**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बढ़ानी होंगी सुविधाएं**



मेडिकल कॉलेज में इंसेफलाइटिस से बीमार बच्चों को देखकर बाहर निकलते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन।



केजरीवाल अस्पताल में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने बीमार बच्चे के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

### कालाजार मुक्त घोषित होगा भारत

डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि एक-दो वर्षों में देश से कालाजार को जड़ से समाप्त करने की योजना है। जिस तरह पोलियो व चेचक से भारत मुक्त हुआ, उसी तरह कालाजार व आने वाले वर्षों में लेप्रोसी को जड़ से समाप्त किया जाएगा। इसके लिए बड़ी जंग लड़नी है। कालाजार उन्मूलन के लिए उन्होंने मुजफ्फरपुर के कुढ़नी में मॉडल रूरल हेल्थ रिसर्च सेंटर की स्थापना की भी घोषणा की।

### एमसीआई मेडिकल कॉलेजों में सुधार का दे मौका

एसकेएमसीएच के सभी विभागों में डॉक्टरों की भारी कमी की ओर ध्यान आकृष्ट कराए जाने पर डॉ. हर्षवर्धन राज्य के स्वास्थ्य मंत्री की ओर मुखातिब हुए। कहाकि राज्य सरकार को व्यवस्था सुधारनी चाहिए। उन्होंने एमसीआई को बिहार के मेडिकल कॉलेजों की जबरन मान्यता रद्द करने की बजाय व्यवस्था सुधारने का मौका देने का सुझाव दिया है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री से भी बात की है।

### कुपोषण कारण नहीं हो सकता

पत्रकारों के सवाल के जवाब में डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि कुपोषित बच्चे को कोई भी बीमारी तेजी से चपेट में लेती है। पीड़ित बच्चों को देखने के बाद मुझे बीमारी का कारण कुपोषण होने का ठोस संकेत नहीं मिला। किसी वायरस की पहचान नहीं हुई है, लेकिन प्रभावित इलाकों में टीकाकरण कराया जा सकता है, ताकि बच्चे वायरस जनित बीमारियों के चपेट में बच्चे नहीं आएं।

## पीएचसी को बेहतर बनाने की है जरूरत : डॉ. हर्षवर्धन

मुजफ्फरपुर | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि

केन्द्रीय स्वास्थ्यमंत्री डॉ.हर्षवर्धन ने केजरीवाल हॉस्पिटल में डॉक्टरों से बातचीत के दौरान कहा कि बीमारी के पीछे कई कारण हो सकते हैं। फिलहाल यह जांच व शोध का मामला है। उन्होंने कहा कि इंसेफलाइटिस से पीड़ित होने वाले बच्चों को जिन्दगी बचाने के लिए तत्काल पीएचसी की स्थिति को ठीक करना होगा।

बीमारी के शोध में जुटे विशेषज्ञों

हो जाती है। बच्चों के बीमार होने के तुरंत बाद पीएचसी में ब्लड जांच के साथ तत्काल ग्लूकोज चढ़ने की व्यवस्था हो जाये तो बहुत हद मौत की दर को कम किया जा सकता है। डॉ: हर्षवर्धन ने केजरीवाल हॉस्पिटल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.राजीव कुमार से इंसेफलाइटिस बीमारी पर अपनी राय रखने को कहा। डॉ.राजीव कुमार ने स्वास्थ्य मंत्री को पीएचसी की स्थिति को सुधारने, टीकाकरण व बीमारी के लिए जागरूकता अभियान चलाने का



## इंसेफलाटिस के मरीजों को दी गई होम्योपैथी दवा

मुजफ्फरपुर। आरबीटीएस होम्योपैथी कॉलेज की ओर से मरीजों के बीच होमियोपैथी दवा बांटी गयी। इस दौरान इंसेफलाइटिस सेल में डॉ. एबी अंगार, उप प्राचार्य डॉ. आईएस झा, डॉ. केकेसी पात्रों, डॉ. एचके सिंह, डॉ. एलबी प्रसाद, डॉ. राम कुमार, डॉ. महेन्द्र कुमार पाल आदि शामिल थे। इधर, बहुजन